तापमान

अधिकतम 27.8 डिग्री

न्यूनतम 9.6 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 12 दिसंबर 2025




गौरव पथ से मुंगेली नाका जाने वाली सड़क पर बस व ठेले खड़े रहते हैं जिससे ट्रैफिक जाम होता रहता है।



## पूर्व सरपंच व गर्भवती महिला की हत्या

# एक दिन में दो हत्या से फैली सनसनी, आरोपी गिरफ्तार



पुलिस द्वारा पकड़े गए हत्या के आरोपी।

**पकड़े गए आरोपी**

- गौतमचंद साहू पिता हरिशचंद्र साहू 33 साल चोरभटठीखुर्द
- गुलाबचंद साहू पिता हरिशचंद्र साहू 30 साल चोरभटठीखुर्द
- अजय ध्रुव पिता सुखीराम ध्रुव 22 साल चोरभटठीखुर्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तखतपुर क्षेत्र के चोरभट्ठी और कोनी के लोफंदी में पूर्व सरपंच व गर्भवती महिला की हत्या से गुरुवार को सनसनी फैल गई। चोरभट्ठी में जमीन विवाद में पूर्व सरपंच की टंगिया मारकर हत्या की गई तथा खपरी में गर्भवती महिला पर सब्बल से वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया गया। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, चोरभठ्ठीखुर्द निवासी पूर्व सरपंच मनबोध यादव 48 साल बुधवार की रात 8 बजे अपनी स्कूटी लेकर घर से घूमने निकले थे। रात भर घर नहीं लौटने पर गुरूवार की सुबह घरवाले उन्हें खोजने के लिए निकले। गांव के पोल्ट्रीफार्म के पास उनकी खून से लथपथ लाश मिली। सूचना पर सकरी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस को पता चला कि रात में मृतक को अजय ध्रुव के साथ घूमते हुए देखा गया है। टीआई श्री चौधरी, एएसआई सुरेन्द्र तिवारी, रवि लहरे, लक्ष्मीकांत कश्यप, सुमंत कश्यप, रूपेश कौशिक व अन्य ने गांव में घेराबंदी कर अजय ध्रुव को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर उसने गांव के दो भाईयों के साथ मिलकर हत्या करना स्वीकार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर दोनों भाईयों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में दोनों भाईयों ने भी हत्या करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने मृतक के बेटे मयंक यादव की रिपोर्ट पर तीनों आरोपियों को बीएनएस की धारा 103, 1, 61, 2 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

### जमीन के रास्ते को लेकर चल रहा था विवाद

टीआई श्री चौधरी ने बताया, मृतक मनबोध यादव के खेत के पास आरोपी गौतमचंद साहू का खेत था। गौतमचंद साहू मृतक के खेत के रास्ते से अपने खेत जाता था, जिसे लेकर आए दिन उनके बीच विवाद होता था। वर्तमान में मृतक अपने खेत की फसल काटने के बाद पानी डलवा दिया, जिससे गौतमचंद साहू को अपने खेत से फसल काटकर निकालने में परेशानी हो रही थी। परेशान होकर गौतमचंद साहू ने गांव अजय ध्रुव के साथ हत्या की योजना बनाई। बुधवार को मृतक के साथ अजय शराब खरीदने दुकान गया और वहां से फोन कर गौतमचंद का सूचना दी। उसके बाद दोनों घटनास्थल पर बैठकर शराब पी रहे थे। उस दौरान फिर अजय ने गौतमचंद को फोन कर सूचना दी। गौतमचंद साहू अपने भाई गुलाबचंद साहू के साथ टंगिया लेकर आया और तीनों ने टंगिया से 7 वार कर उसकी हत्या कर दी। उसके बाद स्कूटी व टंगिया को तालाब में फेंककर फरार हो गए थे।

## 7 साल की बेटी के सामने गर्भवती पत्नी का कत्ल

बीती रात चरित्रशंका पर 7 साल की बेटी के सामने पति ने सो रही गर्भवती पत्नी के सिर पर सब्बल से 4 वार कर जघन्य हत्या कर दी। बेटी ने कमरे से निकलकर घरवालों को सूचना दी तो आरोपी भाग गया। देर रात पुलिस ने पतासाजी कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया, तखतपुर खपरी निवासी जितेन्द्र केंवट पिता लालाराम केंवट 33 साल पत्नी संतोषी केंवट 30 साल के साथ ससुराल लोफंदी में रहकर रोजी मजदूरी करता है। उसकी तीन लड़कियां हैं, बड़ी बेटी इशिका खपरी में दादा के पास रहती है। यहां 7 साल की बेटी श्रृष्टि व डेढ़ साल की मिष्ठी रहती है। उसकी पत्नी 8 माह से गर्भवती थी। बुधवार की रात भोजन करने के बाद पति पत्नी दोनों बच्चों के साथ कमरे में सो रहे थे। रात 12 बजे नशे में जितेन्द्र केंवट ने सब्बल से पत्नी के सिर पर हमला कर दिया। उसकी आवाज सुनकर श्रृष्टि उठ गई। उसके सामने जितेन्द्र ने सब्बल से 4 वार कर पत्नी की हत्या कर दी। श्रृष्टि ने भागकर अपने नाना नानी को घटना की जानकारी दी। ससुरालवालों को देखकर आरोपी भाग गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। तकनीकी साक्ष्य से जानकारी हुई गनियारी के पास फरार आरोपी को मोबाइल बंद हुआ है। टीआई श्री शेन्डे विजेंद्र सिंह, अशफाक खान, रामकृष्ण सिदार ने गनियारी में दबिश देकर मेन रोड मंदिर के पास से आरोपी पति को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया, उसकी पत्नी उसके सो जाने के बाद मोबाइल में किसी से बात करती थी। मना करने के बाद भी नहीं मान रही थी। उसने चरित्रशंका पर हत्या करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है पोस्टमार्टम के दौरान महिला के बेटे में पल रहे 8 माह के बच्चे की भी मौत हो गई है।



## पोल्ट्रीफार्म संचालक के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, दो गिरफ्तार

**बिलासपुर**। पुलिस को पोल्ट्रीफार्म संचालक के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता मिल गई है। पुरानी रंजिश को लेकर दो युवकों ने चाकू से हमला कर उनकी हत्या की, फिर पत्थर बांधकर लाश तालाब में फेंक दी थी। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

घोरामार निवासी धीरज साहू पिता रामेश्वर साहू 26 साल गांव के बाहर पोल्ट्रीफार्म चलाते हैं। 30 नवंबर की रात वे पोल्ट्रीफार्म में सोने गए थे। दूसरे दिन घर नहीं लौटने व मोबाइल बंद मिलने पर घरवाले पोल्ट्रीफार्म गए तो उसकी बाइक खड़ी थी। धीरज साहू व उनका मोबाइल गायब था। 1 दिसंबर को परिजन ने थाने में गुम इंसान दर्ज कराया। 7 दिसंबर को पोल्ट्रीफार्म के पास तालाब में उनकी लाश मिली थी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तालाब से शव बाहर निकाला तो कमर में पत्थर बंधा था। पीठ व कान के पास धारदार हथियार से हमला करने के निशान थे और पसली टूटी हुई थी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया था। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर एसीसीयू टीम व कोटा पुलिस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में जुट गई थी। तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से घोरामार निवासी अनिल कुमार साहू पिता स्व. मेलू राम साहू 28 साल, जगन्नाथ उर्फ अंगद साहू पिता सुरेश साहू 18 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर दोनों ने धीरज साहू की हत्या करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, एक साल पहले मृतक का अनिल कुमार साहू से विवाद हुआ था। घटना के दिन वह अपने दोस्त जगन्नाथ उर्फ अंगद साहू के साथ मोटर पंप निकालने के बहाने मृतक के पोल्ट्रीफार्म गए और उसे बुलाकर चाकू से हत्या कर पत्थर बांधकर लाश तालाब में फेंक दी थी। भागते समय मृतक के कपड़े व मोबाइल को कोरी डेम में फेंक दिया था। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

## उमेश कुमार होंगे बिलासपुर के नए डीआरएम

**बिलासपुर**। रेल मंडल बिलासपुर के वर्तमान डीआरएम राजमल खोईवाल का अचानक ट्रांसफर कर दिया गया है, जिनके स्थान पर डीआरएम का पोस्ट वेस्टर्न रेलवे मुम्बई के चीफ सिग्नल इंजीनियर उमेश कुमार को दिया गया है। वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर डिवीजन के डीआरएम के पद पर राजमल खोईवाल पदस्थ थे। गुरुवार की रात अचानक रेल मंत्रालय ने एक आदेश निकालते हुए बिलासपुर डिवीजन के डीआरएम राजमल खोईवाल का ट्रांसफर आर्डर जारी कर दिया है। राजमल खोईवाल के स्थान पर अब आईआरएसएसई और वेस्टर्न रेलवे मुम्बई के चीफ सिग्नल इंजीनियर उमेश कुमार बिलासपुर रेल मंडल के नए मंडल रेल प्रबंधक होंगे। डीआरएम श्री खोईवाल के अलावा पीसीईई का भी ट्रांसफर कर दिया गया है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 667. अजय भोरे पिता\पति कृष्णा राव भोरे पता- शिव विहार डुंडा रायपुर, 668. गिरीश कुमार शर्मा पिता\पति कुंजलाल शर्मा पता– रायपुर, 669. गजेन्द्र कुमार देवांगन पिता\पति लखन लाल देवांगन पता- 26 कृष्णा सखा सोसाइटी रोहणीपुरम, 670. सुरेश साहू पिता\पति मनोहर लाल साहू पता- कुशालपुर रायपुर, 671. लोकेश बंजारे पिता\पति पीलू राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 672. राम किसुन साहू पिता\पति श्री फेरु राम साहू पता- सेमरिया रायपुर, 673. गीतांजलि यादव पिता\पति टापेश यादव पता- अशोक नगर गुढ़ियारी, 674. कैना बाई जांगड़े पिता\पति कृपाल जांगड़े पता- रिखिया परा जवाहर नगर रायपुर, 675. शिव कुमार मसूरकर पिता\पति स्व.डी.जी. मसूरकर पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 676. लेख राम धुरंधर पिता\पति डेहरा राम पता- बसारंग आरंग, 677. अक्षय कुमार साहू पिता\पति तिहारू राम साहू पता- नवापारा पीड, 678. पंकज साहू पिता\पति अनिरुध्र कुमार पता- हिन्छापुर सांकरा, 679.संजू सोनी पिता\पति गोपाल सोनी पता- आमापारा धमतरी, 680. चेष्टा साहू पिता\पति श्री मोहन लाल पता- भोथली धमतरी, 681. दिनेश्वरी निर्मलकर पिता\पति श्री लक्खू निर्मलकर पता- वार्ड न.-01 नाका पारा डोंगरगढ़, 682. हर्षिता अग्रवाल पिता\पति अनुपम अग्रवाल पता- गली बाज़ार वार्ड न.-12, 683. रश्मि साहू पिता\पति तारस लाल साहू पता- खैरी तुमड़ी बोड, 684. संजय वर्मा पिता\पति मोहन सिंह वर्मा पता- कन्तेली वार्ड न.02, 685. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता-कांकेर, 686. चन्द्र किशोर साहू पिता\पति स्व.धरम राम साहू पता- सुमन पब्लिक स्कूल गुंडरदेही, 687. कुणाल कश्यप पिता\पति जोगेन्द्र कश्यप पता- जगदलपुर, 688. हरिशंकर पटेल पिता\पति कवलसिंह पटेल पता- जन्घोरा वि.ख.पिथौरा, 689. यशोदा निर्मलकर पिता\पति महेतरू निर्मलकर पता- मारुती वार्ड देवांगन पारा कवर्धा, 690. झड़ी राम यादव पिता\पति स्व.नाथू राम यादव पता- मोहरा, 691. माधव राम देवांगन पिता\पति रामनाथ देवांगन पता- जोंधरा पदर पारा कोंडागांव, 692. चुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति ओंकार दास मानिकपुरी पता- गणेश किराना स्टोर वृंदा नगर भिलाई, 693. दुपत कुमार महतेल पिता\पति भीषम लाल महतेल पता- ग्राम-रूदा, 694. मो.मोइज़ुदीन पिता\पति मो.मोईनुद्दीन पता- जयंती नगर दुर्ग, 695. हुलेश कुमार देवांगन पिता\पति जनक लाल देवांगन पता- ग्राम व पोस्ट निकुम दुर्ग, 696. निधि साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 697. नेहा साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार साहू पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, 698. चैतलाल देवांगन पिता\पति नकुल देवांगन पता- क्वार्टर न.5/H जोन-01 खुर्शिपार, 699. श्रीमती देवती पिता\पति बलिराम राम शर्मा पता- कैलाश नगर भिलाई, 700. कमल प्रसाद पिता\पति श्री अवध राम पता- वार्ड न.34 जी.केबिन चरौदा, 701. मुरारी प्रसाद देवांगन पिता\पति चुन्नी लाल देवांगन पता- कुथरेल थाना अंडा, **बिलासपुर संस्करण –** 702. प्रकाश कुमार गिरी पिता/पति राजकिशोर गिरी पता- परसाभाठा बालको, 703. अश्वनी कुमार पिता/पति स्व.सीताराम्र पता- दीपका कालोनी, 704. संतोष सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- बाल्कोनगर, 705. प्रमोद कुमार राठौर पिता/पति बाबूजी पता- हरदी बाजार, 706. अंजली बिंझवार पिता /पति अशोक कुमार बिंझवार पता- मड़वारानी, कोरबा, 707. रमेश कुमार राठौर पिता/पति सुखराम राठौर पता- हरदी बाजार कोरबा, 708. पलक अग्रवाल पिता/पति जगदीश प्रसाद अग्रवाल पता- हरदी बाजार कोरबा, 709. कुमारी दिव्या पिता/पति जे.पी.दिव्या पता- रामसागर पारा कोरबा, 710. अदिति ठाकुर पिता/पति राजेन्द्र सिंह ठाकुर पता- धनुहार पारा बाल्को, 711. नीतू देवी सिंह पिता/पति रविशंकर सिंह बाल्को कोरबा, 712. विवेक सोनी पिता/पति जगदीश सोनी पता- नेहरू नगर बाल्को कोरबा, 713. श्याम जी यादव पिता/पति लालजी यादव पता- दीपका बस्ती, 714. राकेश कुमार खूंटे पिता/पति बाबूलाल पता- रजगामार, 715. योगिता कुमारी पिता/पति मनोज यादव पता- परसाभाठा बालको, 716. अनुराधा पांडेय पिता /पति सुधांशु पांडेय पता- बाल्को, 717. अरूण कुमार पिता/पति उमेन्द्र राम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 718. चंद्रशेखर बिंझवार पिता/पति दाऊराम बिंझवार पता- सण्डैल कोरबा, 719. सुनीता विश्वाल पिता/पति एस.विश्वाल पता- शांति नगर बाल्को, 720. रमेश चौहान पिता /पति विशाल चौहान पता- शांति नगर बाल्को, 721. रामकुमार साहू पिता/पति पु◌ुनीराम साहू पता- परसाभाठा बालको, 722. सविता यादव पिता/पति पुनीत कुमार यादव पता- संगम नगर बालको, 723. फरहा आरिफ अहमद पिता/पति आरिफ अहमद पता- बालको, 724. गार्गी पाठक पिता/पति अवधेश नारायण पाठक पता- शांति नगर, बालको, **भोपाल संस्करण –** 725. हर्षित झोड़ पिता\पति सुनील झोड़ पता- पंचशील नगर भोपाल, 726. जयश्री बुनकर पिता\पति मनोज बुनकर पता- राजीव नगर कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल, 727. खुशी रजक पिता\पति राजेश रजक पता- पुट्ठा मिलपुरानी कॉलोनी, 728. शिवा विश्वकर्मा पिता\पति लक्ष्मी नारायण पता- 7148 देवी नगर करोद, 729. रेणुका सिंह सोंलकी पिता\पति संतोष सिंह सोंलकी पता- 34 राज नगर पलासी, 730. रेणु विश्वकर्मा पिता\पति प्रदीप विश्वकर्मा पता- शंकर नगर विदिशा, 731. रामबाबू सेन पिता\पति मोती लाल सेन पता- बरईपुरा विदिशा, 732. लवयांश कुशवाह पिता\पति सुमित कुशवाह विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 733. रजनीश कौरव पिता\पति उत्तम सिंह कौरव पता- नर्मदा कॉलोनी गाडरवारा, 734. नूरीन फातिमा पिता\पति सैयद इस्तेयाक अली पता- सुभाष वार्ड गाडरवारा, 735. जयंत प्रताप गौतम पिता\पति संजय कुमार गौतम पता- सरकारी स्कूल के पास मंगल नगर कटनी, 736. मधुलिका बक्शी पिता\पति - कॉलोनी कटनी, 737. शिवन्या बर्मन पिता\पति राहुल बर्मन पता- शारदा मंदिर के पास बरगवां कटनी, 738. आदर्श कुमार नामदेव पिता\पति राम किशोर नामदेव पता- सिंगौड़ी, 739. अभिनव राय पिता\पति अभिषेक राय पता- सिंगौड़ी, 740. देवांशी काछी पिता\पति संदीप कई पता- सिंगौड़ी।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

## ठंड के तीखे तेवर, शीतलहर चलने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर में न्यूनतम तापमान में सामान्य डिग्री से 5 डिग्री से कम जा पहुंचा है। ऐसे में शीतलहर चलने की आशंका बनी हुई है। मौसम विभाग ने अलर्ट भी जारी कर दिया है और सर्द हवाओं से बचने की नसीहत दी है।

ठंड ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है, तापमान लगातार नीचे जा रहा है, मौसम विभाग के अनुसार अगले 1 हफ्ते में पारा न्यूनतम तापमान 2 डिग्री ओर गिरने के आसार है। ऐसे में शीत लहर का प्रकोप संभाग में देखा जा रहा है। अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री के आसपास जा चुका है। उत्तर से आ रही ठंड के कारण संभाग कांपने को मजबूर हो चुका है,लोगों को अलाव जलाने की नौबत आ चुकी है। इस दौरान मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए एतिहात बरतने की नसीहत दी है। बताया जा रहा है कि उत्तर से आ रही सर्द हवाओं के कारण प्रदेश में न्यूनतम तापमान नीचे जा रहा है, वहीं इस दौरान अधिकतम तापमान भी स्थिर बना हुआ है। दोपहर को सर्द हवाएं चलने के कारण लोगों को सर्दी से निजात नहीं मिल रही है।



- न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री, पेंड्रा में 8.8 डिग्री दर्ज किया गया पारा

## दफ्तरों में 1 जनवरी से बायोमेट्रिक अटेंडेन्स

**बिलासपुर**। जिला कलेक्टोरेट कार्यालय सहित सभी विभागीय कार्यालयों में 1 जनवरी से बायोमेट्रिक अटेंडेन्स सिस्टम लागू होगा। ये सिस्टम सेलरी से जुड़ा रहेगा। कार्यालय पहुंचने में विलम्ब अथवा अनुपस्थित रहने पर आनुपातिक रूप से तनख्वाह की अपने आप कटौती हो जाएगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक टीएल बैठक में अधिकारियों को इसकी तैयारी के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मंत्रालय में यह व्यवस्था सफलता पूर्वक लांच करने के बाद जिलों में भी 1 जनवरी से इसे प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि मोबाइल फोन पर आधारित एप के जरिए बायोमेट्रिक उपस्थिति ली जाएगी। इस नई व्यवस्था से लोगों के समय पर पहुंचने और पारदर्शिता पूर्ण तरीके से कामकाज का निबटारा होगा। शाम को वापसी के दौरान भी उपस्थिति दर्ज कराना होगा।


सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर



ऑन लाईन स्पेशल ₹699 एवं उससे अधिक वाली

सुपर सॉफ्ट क्वालिटी

डबलबेड बेडशीट

2 बेडशीट + 4 पिलो कव्हर

₹449 में

2 डबल बेडशीट सेट की कीमत मात्र ₹449 में

ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 1 सेट दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.

राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर

*condition apply

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में स्पाइन सर्जरी की सुविधा, मरीजों को होगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ प्रख्यात स्पाइन सर्जन डॉ शेखर भोजराज करेंगें इलाज

कोनी स्थित कुमार साहब स्व. दिलीप सिंह जुदेव शासकीय सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में स्पाइन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में स्पाइन की बीमारियों से पीड़ित मरीजों का इलाज अब संभव हो सकेगा। प्रख्यात स्पाइन सर्जन डॉ शेखर भोजराज और उनकी टीम द्वारा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में ही ऐसे मरीजों का इलाज, आपरेशन कर सकेगी।जहां इलाज और समस्त जांच निशुल्क उपलब्ध होगी।

सिम्स मेडिकल कालेज में गुरूवार को हुई बैठक में अध्यक्ष के तौर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल मौजूद रहे। जहां जानकारी देते हुए सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के अधीक्षक डॉ बीपी सिंह ने बताया कि 15 जनवरी को रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) की बीमारी से पीड़ित मरीजों का निशुल्क शल्य क्रिया शिविर संपन्न होगी। जहां सिम्स के अस्थि रोग विभाग के द्वारा प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को सुबह 9 बजे से 2 बजे तक स्पाईन रोग से पीड़ित मरीजों को विशेष रूप से देखा जावेगा। मरीजों के लिए निःशुल्क एमआरआई एवं खून जांच कराएं जाएंगे। इसके बाद संपूर्ण जांच एवं परीक्षण के बाद मरीजों को कुमार साहब स्व. दिलीप सिंह जुदेव शासकीय सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के न्यूरोसर्जन द्वारा जांच किया जावेगा। मरीजों को शल्य क्रिया के लिए स्क्रीनिंग भी किया जाएगा। वहीं सर्जरी के लिए हास्पिटल में ही भर्ती किया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन व इंडियन आर्थोपेडिक एसोसिएशन का सहयोग मांगा है। बैठक में डॉ० रवि महोबिया को मरीजों के स्क्रीनिंग के लिये नोडल अधिकारी बनाया गया। डॉ बी.पी. सिंह ने उक्त कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और बैठक का संचालन भी किया गया। इस दौरान जन स्वास्थ्य सेवा समिति, गनियारी के डॉ रमन कटारिया, संजीवनी हॉस्पिटल एंव रिसर्च सेंटर के संचालक डॉ. विनोद तिवारी, सिम्स डीन डॉ. रमणेश मूर्ति, अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, रेडियोडायग्नोसिस विभाग की एचओडी डॉ. अर्चना सिंह, निश्चेतना विभाग की एचओडी डॉ. मधुमिता मूर्ति, जैव रसायन विभाग एचओडी डॉ. मनीष साहू, न्यूरोसर्जन डॉ नीरज प्रसाद एवं डॉ इमेन्द्र वाहने, ऑथोपेडिक एचओडी डॉ संजय गिल्ले, डॉ. तरूण सिंह, डॉ. रवि महोबिया और ध्रुव पाण्डेय, श्रीमती विनिता पटले उपस्थित रही।



## बुध व शनिवार को होगी जांच

रीढ़ की हड्डी से संबंधित बीमारियों की जांच सिम्स में बुधवार और शनिवार को किया जाएगा। इस दौरान आर्थोपेडिक विभाग के डाक्टर का इलाज करेंगें और शल्य क्रिया के लिए प्रेरित करेंगें। यहां मरीजों के द्वारा अपना पंजीयन कराया जा सकेगा।

# तीन साल में वंदेभारत में 10 लाख यात्रियों ने किया सफर, रेलवे ने कमाए 93 करोड़

**बिलासपुर।** तीन साल में बिलासपुर से वंदेभारत के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस में 10 लाख से अधिक यात्रियों ने सफर कर लिया है। इन यात्रियों से 93 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है, जिसमें बिलासपुर से नागपुर तक जाने वाले यात्रियों से 42 करोड़ रुपए और नागपुर से बिलासपुर के बीच आने वाले यात्रियों से 39 करोड़ रुपए से अधिक आय जोन मुख्यालय को हुई है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन को पहली वंदेभारत ट्रेन की सौगात वर्ष 2022 में 11 दिसम्बर को मिली थी, जिसकी ओपनिंग प्रधानमंत्री ने नागपुर रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर की थी। वंदेभारत एक्सप्रेस को पहले 16 कोच से चलाया जा रहा था। चेयर कार और एक्सक्यूटिव चेयरकार वाली वंदेभारत एक्सप्रेस में यात्रियों को आरामदायक सफर का आनंद भी मिल रहा है। इसका कारण है कि



आकर्षक कोच वाली वंदेभारत एक्सप्रेस का किराया सामान्य ट्रेनों की तुलना में चार से पांच गुना अधिक है। यह ट्रेन बिलासपुर से सुबह 6 बजकर 45 मिनट पर रवाना होकर दोपहर तक नागपुर पहुंच जाती है। वहीं दोपहर 2.30 बजे नागपुर से बिलासपुर के लिए रवाना होने के बाद ट्रेन शाम 7.30 बजे स्टेशन पहुंचकर सीधे कोचिंग डिपो के लिए छोड़ दी जा रही है। शुरुआत में 16 कोच से चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस में यात्रियों की संख्या कम होने के कारण रेलवे बोर्ड के आदेश पर आठ कोच को निकाल दिया गया था।

### बिलासपुर-नागपुर वर्ष वार मिली बुकिंग राशि

- बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस में वर्ष 2023 के दौरान चेयरकार के 185364 यात्रियों से 13 करोड़ 7 लाख 72 हजार 143 रुपए।
- बिलासपुर से नागपुर के बीच वर्ष 2023 के दौरान एक्सक्यूटिव चेयरकार के 14209 यात्रियों से 2 करोड़ 16 लाख 14 हजार 108 रुपए।
- बिलासपुर से नागपुर के बीच वर्ष 2024 के दौरान चेयरकार के 183683 यात्रियों से 13 करोड़ 7 लाख 83 हजार 451 रुपए।
- बिलासपुर से नागपुर के बीच वर्ष 2024 के दौरान एक्सक्यूटिव चेयरकार के 14611 यात्रियों से 2 करोड़ 24 लाख 13 हजार 949 रुपए।
- बिलासपुर से नागपुर के बीच वर्ष 2025 के दौरान चेयरकार के 143511 यात्रियों से 1 करोड़ 23 लाख 85 हजार 881 रुपए।
- बिलासपुर से नागपुर के बीच वर्ष 2025 के दौरान एक्सक्यूटिव चेयरकार के 9571 यात्रियों से 1 करोड़ 46 लाख 71 हजार 121 रुपए।

### नागपुर-बिलासपुर वर्ष वार मिली बुकिंग राशि

- नागपुर से बिलासपुर में वर्ष 2023 के दौरान चेयरकार के 166351 यात्रियों से 12 करोड़ 66 लाख 79 हजार 88 रुपए।
- नागपुर से बिलासपुर के बीच वर्ष 2023 के दौरान एक्सक्यूटिव चेयरकार के 13201 यात्रियों से 2 करोड़ 15 लाख 71 हजार 476 रुपए।
- नागपुर से बिलासपुर वर्ष 2024 के दौरान चेयरकार के 158813 यात्रियों से 11 करोड़ 81 लाख 69 हजार 400 रुपए।
- नागपुर से बिलासपुर के बीच वर्ष 2024 के दौरान एक्सक्यूटिव चेयरकार के 13413 यात्रियों से 2 करोड़ 17 लाख 55 हजार 409 रुपए।
- नागपुर से बिलासपुर के बीच वर्ष 2025 के दौरान चेयरकार के 115074 यात्रियों से 8 करोड़ 72 लाख 12 हजार 32 रुपए।
- बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस में वर्ष 2025 के दौरान एक्सक्यूटिव चेयरकार के 9671 यात्रियों से 1 करोड़ 55 लाख 872 रुपए।

# बढ़ती ठंड में स्वास्थ्य का रखें ध्यान उचित देखभाल व संयमित खान-पान

*Health Special*




## सर्दियों में होने वाली प्रमुख परेशानियों का हृदय पर असर : डॉ. नवनीत कुमार

**सर्दियों में ठंड, प्रदूषण और खराब जीवनशैली के कारण हृदय और फेफड़ों (लंग्स) पर दबाव बढ़ता है, जिससे रक्त वाहिकाएं सिकुड़ती हैं, रक्तचाप बढ़ता है और खून के थक्के जमने का खतरा रहता है, जिससे हार्ट अटैक और सांस संबंधी समस्याएं (जैसे फ्लू, निमोनिया) बढ़ सकती हैं; इससे बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनें, प्रदूषण से बचें, नियमित व्यायाम (ठंड में सावधानी से), स्वस्थ भोजन, खूब पानी पिएं और धूम्रपान-शराब से दूर रहें।**

रक्त वाहिकाओं का सिकुड़ना ठंड से रक्त वाहिकाएं सिकुड़ती हैं, ब्लड प्रेशर बढ़ता है और हार्ट पर लोड बढ़ता है, जिससे ऑक्सीजन की सप्लाई घट सकती है।

रक्त के थक्के : खून जमाने वाले बढ़ने से थक्के बनने की प्रवृत्ति बढ़ती है, जिससे हार्ट अटैक या डीप वेन थ्रॉम्बोसिस (DVT) हो सकता है।

हार्ट अटैक/स्ट्रोक : प्रदूषण (स्मॉग, कोहरा) और ठंड मिलकर हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ाते हैं।

फेफड़ों पर असर : संक्रमण का खतरा : सर्दी-जुकाम, फ्लू और निमोनिया जैसे संक्रमण बढ़ जाते हैं, जो फेफड़ों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

प्रदूषण के प्रभाव स्मॉग और प्रदूषण से फेफड़ों की संवेदनशील संरचनाएं क्षतिग्रस्त हो सकती हैं

बचाव और निवारण के उपाय

गर्माहट और सावधानी : ठंड में बाहर निकलने पर सिर, हाथ-पैर और सीने को अच्छी तरह ढकें। सुबह की ठंडी हवा में वॉक करने से बचें या बहुत सावधानी से करें।

स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, डाइट वसायुक्त, तला हुआ भोजन, ज्यादा नमक और चीनी से बचें; फल, सब्जियां और तरल पदार्थ खूब लें।

हाइड्रेशनः पर्याप्त पानी पिएं, क्योंकि डिहाइड्रेशन से खून गाढ़ा हो सकता है।

व्यायामः हल्के व्यायाम करें, लेकिन अत्यधिक ठंड में बाहर न निकलें।




## दंत रोग का सही उपचार रूट कैनाल प्रक्रिया : डॉ. चन्द्रभान



दंत रोग की समस्याएं निरंतर बढ़ती जा रही है, सही देखभाल व सफाई नही होने के कारण दांतों में गहरी कैविटी हो जाती है या दांतों में दरार, फैक्चर होने पर तेज दर्द व सूजन बढ़ती है। दातों में सेंसिटिविटी (संवेदनशीलता) के कारण भी भोजन करने में परेशानी होती है, दातों में ठंडा व गर्म पदार्थ लेने में इसकी सेंसिटिविटी बढ़ जाती है। इस सब समस्याओं का निदान रूट केनाल पद्धती है, जिसे सामान्य भाषा में आर.सी.टी. कहते हैं। इस प्रक्रिया में सर्वप्रथम संक्रमण हटाया जाता है, डेंटिस्ट दांत के अंदर के संक्रमित पल्प को हटाते हैं उसके पश्चात् सफाई कर उसे आकार देते है जिसमें पल्प चेम्बर और रूट कैनाल को अच्छी साफ और कीटाणुरहित किया जाता है। कैनाल को गुट्टा-पर्चा जैसे पदार्थ से भरा और सील किया जाता है। अंतिम प्रक्रिया में क्राउन लगाना है जिसमे दांत को मजबूती और सुरक्षा देने के लिए ऊपर से फिलिंग या क्राउन (कैप) लगाया जाता है। इसकी ज़रूरत गहरी कैविटी, दांत में दरार या फ्रैक्चर, दांत में तेज दर्द या सूजन, संवेदनशील दांत के कारण पढ़ती हैं।

## बच्चे की मुस्कान की रक्षा हर माता-पिता का दायित्व : डॉ. कपिल पाल

बच्चों की मुस्कान सिर्फ प्यारी नहीं होती, यह उनके विकास, बोलने, पोषण और आत्म-विश्वास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बहुत से माता-पिता सोचते हैं कि दूध के दाँत गिर जाते हैं, इसलिए उतने ज़रूरी नहीं। लेकिन वास्तव में ये दाँत जबड़े को आकार देते हैं, चबाने में मदद करते हैं और स्थायी दाँतों के लिए जगह बनाकर रखते हैं। दंत-देखभाल जल्दी शुरू होनी चाहिए। पहला दंत-जांच एक साल की उम्र तक करा लेनी चाहिए। शुरुआती जाँच कैविटी पहचानने, सही ब्रशिंग के तरीके सिखाने और बड़े दंत-समस्याओं को रोकने में मदद करती है।

दाँतों में सड़न (टूथ डिके) बच्चों में सबसे आम बीमारी है। रात में फीडिंग की आदत, बार-बार मीठे स्नैक्स, चिपचिपे खाद्य पदार्थ और जूस इसके मुख्य कारण हैं। बच्चों को रोज़ दो बार फ्लोराइड टूथपेस्ट से ब्रश करना चाहिए। माता-पिता को लगभग आठ साल की उम्र तक बच्चों की ब्रशिंग पर नज़र रखनी चाहिए।संतुलित आहार भी बहुत महत्वपूर्ण है। ताज़े फल, सब्जियाँ, दूध और पानी दाँतों को मज़बूत रखते हैं, जबकि चॉकलेट, चिप्स और मीठे पदार्थों की लगातार खपत कैविटी का जोखिम बढ़ाती है। अंगूठा-चूसना, मुँह से साँस लेना या पैसिफ़ायर का अधिक उपयोग जैसी आदतों को समय रहते सुधारना चाहिए। अगर बच्चे को दंत-चोट लगे, तो माता-पिता को शांत रहकर तुरंत दंत-चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

बच्चों की दंत-स्वास्थ्य जागरूकताः कुछ अतिरिक्त ज़रूरी बातेंबच्चों के दाँतों की सुरक्षा केवल ब्रशिंग तक सीमित नहीं है। कई छोटी-छोटी आदतें उनके दंत-स्वास्थ्य को लंबे समय तक प्रभावित करती हैं।सबसे आवश्यक बात है कि बच्चे दिनभर पर्याप्त पानी पिएँ। पानी भोजन के कणों को हटाता है और कैविटी होने की संभावना कम करता है। रात का ब्रश भी बेहद ज़रूरी है, क्योंकि बैक्टीरिया रात में सबसे सक्रिय रहते हैं। छोटे बच्चों में बॉटल को 12–18 महीनों में छुड़वाना चाहिए, क्योंकि लम्बे समय तक बॉटल-फीडिंग से जल्दी दाँत खराब होना शुरू हो जाता है।

आजकल स्क्रीन-टाइम बढ़ने से बच्चे बिना ध्यान दिए खाते रहते हैं, जिससे कैविटी का जोखिम बढ़ जाता है। इसके साथ ही, मुँह से साँस लेने की आदत बच्चे के दाँतों के आकार, जॉ और नींद की गुणवत्ता पर असर डालती है; ऐसी स्थिति में जल्द जाँच करवाना आवश्यक है।बच्चों को हमेशा सॉफ्ट ब्रिसल वाला छोटा टूथब्रश ही दें और हर तीन महीने में बदलें। माता-पिता को चम्मच, बॉटल या खाने के बर्तन साझा करने से भी बचना चाहिए, क्योंकि बैक्टीरिया सीधे बच्चों तक पहुँच जाते हैं। शुरुआती देखभाल आजीवन दंत-स्वास्थ्य देती है। आज की स्वस्थ मुस्कान ही कल के आत्म-विश्वासी वयस्क की पहचान बनती है।






हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 12 दिसंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255




# डीपीएस के रंगारंग वार्षिकोत्सव में 'सितारे जमीं पर'







## छोटे-छोटे बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति, किया गया प्रतिभाओं का सम्मान

दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर का 17वां गरिमामय वार्षिकोत्सव समारोह गुरूवार को संपन्न हुआ। समारोह में सर्वोच्च अंक पाकर सम्मान प्राप्त कर रहे बच्चों से लेकर स्टेज पर अपनी रंगारंग प्रस्तुति देने वाले बच्चों तक प्रत्येक बच्चा किसी सितारे से कम नहीं लग रहा था। समारोह में इन सभी प्रतिभावान बच्चों को देखकर ऐसा महसूस हो रहा था कि मानो आसमान से इन बच्चों के रूप में सारे 'सितारे ज़मीन पर' उतर आए हैं।

**बिलासपुर।** डीपीएस के वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ गणमान्य अतिथियों के कर-कमलों द्वारा मंगलमयी गणेश वंदना मंत्रावृत्ति व मंगलदीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। स्वागत नृत्य विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति और डीपीएस एंथम द्वारा हार्दिक स्वागत किया गया। स्वागत भाषण के साथ अति विशिष्ट अतिथियों का पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया गया। प्राचार्य जसपाल सिंह ने डीपीएस की गत वर्ष की उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए आगंतुकों का हार्दिक स्वागत सहित धन्यवाद ज्ञापित किया।



### इन्हें मिला प्रिंसिपल कप

शिक्षा जगत में श्रेष्ठ उपलब्धि अर्जित कर प्रिंसिपल कप प्राप्त करने वालों में बायोलॉजी संकाय में टॉप करने तथा फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी में टॉप करने पर वेदश्री बेहरा को, गणित संकाय में टॉप करने पर निशित श्रीवास्तव को तथा आदित्य राज को वाणिज्य संकाय से बिज़नेस स्टडी तथा एप्लाइड मैथ्स में टॉप करने पर प्रदान किया गया। ह्यूमैनिटी संकाय में साइकोलॉजी और लीगल स्टडीज में टॉप करने पर निष्ठा अखियानिया को पीवीसी कप से सम्मानित किया गया। इसी तरह कक्षा बारहवीं में विषयवार टॉप करने वाले विद्यार्थियों में युवराज वर्मा, मैकला नामदेव, शिफा निगार खान, इशानी महापात्रा, अवधेश सिंह राठौर, श्रेयांश रत्न राउत, शुभ अग्रवाल, जिनी सेलिना खान, माही अग्रवाल, ऋषि मिश्रा और रोहित पाल को सम्मानित किया गया।

### खेल के क्षेत्र में विजयी स्टूडेंट्स का सम्मान

क्वालिफाइड फॉर इंडियन शूटिंग टीम ट्रायल में तरुन्या शेंडे, मनीत कौर मक्कड़, कृतिका ठाकुर, आरना कुरैशी और जिज्ञासा प्रधान, क्वालिफाइड फॉर नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में मान्या अग्रवाल, काव्या शुक्ला और प्रिन्जा मिंज, सीबीएसई जोनल लेवल विनर इन स्वीमिंग प्रिशा शुक्ला, अकिरा बिस्वास, शानवी शिवान्या बेहरा, आराध्य कंजानी, सीबीएसई जोनल लेवल विनर इन स्केटिंग सुहानी अग्रवाल, सीबीएसई जोनल लेवल विनर एवं स्टेट लेवल इन स्केटिंग अश्मि शर्मा, सीबीएसई जोनल लेवल विनर इन जूडो आराध्य श्रीमोर, सार्थक सिंह, शिहिज गिडवानी, शौर्य प्रताप सिंह, आदित्य चतुर्वेदी, मोहम्मद नाजिल अहमद, स्टेट लेवल विनर इन बैडमिंटन आरुष गुरबानी को सम्मानित किया गया। सत्र 2025-26 के के लिए एक बार फिर बेस्ट हाउस की ट्राफी ब्रह्मपुत्र सदन को प्रदान की गई।

### इन प्रतिभावान बच्चों का हुआ सम्मान

वर्ष भर विभिन्न सांस्कृतिक, अकादमिक, शैक्षणिक, क्रीडा, अनुशासन सहित बहुमुखी क्षेत्रों में ऑल राउंडर प्रदर्शन करने पर प्री नर्सरी से तन्वी पोपटानी, नर्सरी से अमायरा खान, प्रेप से जेविश सवन्नी, प्रथम कक्षा से श्रीजा पांडे, दूसरी कक्षा से दिशिता कश्यप, तीसरी से आदिभव चंदेल, चौथी से आरव जयसवाल, पांचवीं से विधि टावरी, छठवीं सेविवान अग्रवाल, सातवीं से वर्तिका अग्रवाल, आठवीं से विवान मिश्रा, नवमीं से अर्थिया अविरति । मोस्ट डिसिप्लेन एंड वैल मैनर्ड बॉय एंड गर्ल प्री- नर्सरी से अवध मिश्र और अमाया हरियानी, नर्सरी से रितेयु शर्मा, अरिका जैसवाल और अन्विता जैसवाल, प्रेप सेअनंत सवन्नी और सत्विका शर्मा, कक्षा बारहवीं से शौर्य देवांगन और मान्य सोनछात्रा । मोस्ट डिसिप्लेन कक्षा बारहवीं ए तथा बारहवीं बी के कक्षा अध्यापक श्री रवीन्द्रनाथ भटनागर एवं अध्यापिका श्रीमती मोनिका चतुर्वेदी को सम्मानित किया गया । दसवीं से सौजन्य सिंह राजपूत 97.8%, विज्ञान संकाय गणित टॉपर 89.28% के साथ नैतिक देवांगन, ग्यारहवीं जीव विज्ञान संकाय में 89.29% के साथ मीनाक्षी चौबे, वाणिज्य संकाय टॉपर मुक्ति देवांगन 88.73% 85%, ह्यूमैनिटी टॉपर इप्शिता अग्रवाल 95.85% आदि को प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया।

### बच्चों ने दी मनमोहक रंगारंग प्रस्तुति

समारोह की शुरुआत मधुर स्वर द्वारा प्रस्तुत समूह गीत से हुई। इंग्लिश नाटक में भारत की महान संस्कृति को प्रस्तुत किया गया। 'अतिथि देवो भव' का सार की उदार भावना को प्रस्तुत किया गया। आर्केस्ट्रा की धूम-धमाके से वहां उपस्थित जनसमुदाय झूमने लगा था। सुरों की धुनें, तालों का संगम, तबला, मृदंगम, ढोल सब मिलकर राग मल्हार की सुन्दर धुन को जीवंत किया गया। कक्षा पहली तथा दूसरी के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने वेलकम डांस द्वारा बाल-सुलभ अभिनय व नृत्य कला से सबका मन मोह लिया। हास्यरस से भरपूर हिंद नाटक 'अनोखा पहुना' में दर्शक हँस हँस कर लोटपोट होते रहे। पीपीडब्लू के बच्चों ने कार्टून थीम पर आधारित डांस द्वारा बाल दर्शकों को खूब रिझाया । राजस्थानी नृत्य द्वारा ऊर्जावान मटकी, अद्भुत कालबेलिया, और जादुई कठपुतली नृत्य तथा विश्व एकता की भावना को आधार बनाकर नेपाल, इटली, चीन, अमेरिका, भारत सहित समस्त विशेषताओं को नृत्य द्वारा प्रस्तुत किया गया । सूफ़ी, भरतनाट्यम, ओडिसी, मोहिनीअट्टम, कुचिपुड़ी नृत्य प्रस्तुत किए गए। इसी तरह हरियाणवी डांस, पंजाबी गिद्धा, बंगाली, आदिवासी, हरियाणवी और पंजाबी नृत्य को प्रदर्शित किया गया। महाकुम्भ का महत्व बताया गया। अंत में म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट के संयोजन के साथ संगीतमयी आर्केस्ट्रा की धमाकेदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में हेड बॉय प्रणम श्रीवास्तव और हेड गर्ल इप्शिता शर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### अतिथि जो समारोह में उपस्थित रहे

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु , विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिभूमि आईएनएच समूह के प्रधान संपादक डॉ.हिमांशु द्विवेदी, सिंधु एजुकेशन फाउंडेशन की चेयरपर्सन डा. एकता सिंधु, एसीबी इंडिया के ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर वीरसेन सिंधु, डायरेक्टर इंडस ग्रुप आफ स्कूल सुभाष श्योराण, एकेडमिक डायरेक्टर नवीन पृथी, डीपीएस दुर्ग की प्रिंसिपल श्रीमती पुनीता नेहरू, इंडस स्कूल दीपिका के प्रिंसिपल डॉ.संजय गुप्ता, इंडस स्कूल रोहतक के प्रिंसिपल दीपक कुमार, प्रिंसिपल जींद श्रीमती अरुणा शर्मा एवं प्रिंसिपल हिसार डॉ. एस.सी. राजपूत सहित अतिथि उपस्थित थे।

**आयोजन**

## ओशो जन्मोत्सव एवं समर्थगुरु धारा के नए ध्यान केंद्र का उद्घाटन

**बिलासपुर।** समर्थगुरु धारा द्वारा परम गुरु ओशो का जन्मोत्सव एवं नए ध्यान केंद्र, कुदुदंड के उद्घाटन का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर समस्त समर्थगुरु धारा के साधकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान आचार्यों द्वारा गहन ध्यान की विभिन्न विधियों और अद्भुत प्रयोगों का साधकों को अनुभव कराया गया। साथ ही "तनाव-मुक्त, सफल एवं आनंदित जीवन" जीने की कला अत्यंत सरल और प्रभावकारी रूप में समझाई गई। ध्यान केंद्र के संचालक आचार्य पी पी सिंह द्वारा इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में आचार्य डॉ के आर सिंह, आचार्य मां वंदना एवं आचार्य मां जगदीश सलूजा ने साधकों को साधना के विभिन्न सूत्र एवं जीवन में ध्यान की महत्ता पर सारगर्भित मार्गदर्शन प्रदान किया। नए ध्यान केंद्र के उद्घाटन के साथ समर्थगुरु धारा द्वारा जीवन में आध्यात्मिक ऊर्जा, ध्यान, साधना और जीवन रूपांतरण की नई दिशा का शुभारंभ किया गया।

**माता शबरी महाविद्यालय में मनाया गया मानव अधिकार दिवस**

## हम सभी में निहित है सार्वभौमिक अधिकार

शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मानव अधिकार दिवस मनाया गया। इसमें प्राचार्य डॉ. शशिकला सिन्हा ने मानव अधिकार की स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व विषय पर व्याख्यान दिया और कहा कि मानवाधिकार वे अधिकार हैं जो हमें सिर्फ इसलिए प्राप्त है क्योंकि हम मनुष्य हैं।




**बिलासपुर।** कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. ज्योति रानी सिंह ने संयुक्त राष्ट्र संघ एवं मानव अधिकार आयोग पर प्रकाश डाला और कहा कि ये सार्वभौमिक अधिकार हम सभी में निहित है।चाहे हमारी राष्ट्रीयता, धर्म, भाषा या कोई अन्य स्थिति कुछ भी हो। डॉ. सी.अनूपा तिर्की ने सामाजिक, आर्थिक एवं नागरिक अधिकार पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर डॉ. आरती सिंह ठाकुर, डॉ अर्चना शुक्ला, डॉ इसाबेला लकड़ा, डॉ शोभा महिश्वर, डॉ ललिता साहू, डॉ बेला महंत, डॉ रश्मि जैन, वंदना राठौर, सुरेखा देवांगन, डॉ. दीपिका महोबिया, आनंद कुमार, भरतदास मानिकपुरी सहित अन्य सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन सुश्री अमृता आर चिमनानी ने किया।

**झूलेलाल मंदिर में चल रहा चालीहा महोत्सव**

## दी गई भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति

श्री झूलेलाल मंदिर चकरभाटा में चल रहे चालीहा महोत्सव में प्रयागराज उत्तरप्रदेश की मशहूर सिंगर अंकिता ने भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति दी। जिसका श्रोतागण देर रात तक आनंद लेते रहे।

**बिलासपुर।** कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान झूलेलाल एवं बाबा गुरमुख दास के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण व आरती कर किया गया। अनिल पंजवानी एवं गौरव ने भक्ति भरे भजनों की प्रस्तुति दी।

रात्रि में प्रयागराज उत्तरप्रदेश की मशहूर सिंगर अंकिता ने एक से बढ़कर एक सिंधी और हिंदी भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि सच्चे मन से भगवान का फरियाद करने पर मनोकामना जरूर पूरी होगी। अंत में पल्लव पाया गया। प्रसाद वितरण किया गया।

आज की धुनी का आयोजन वर्मा परिवार की तरफ से किया गया। वर्मा परिवार ने संत सांई लाल दास और श्री सांई ने उनका सम्मान किया। भगवान झूलेलाल का छाया चित्र देकर उन्हें आशीर्वाद दिया। मशहूर सिंगर अंकिता का बाबा गुरमुख दास सेवा समिति ने सत्कार किया।




**कार्यक्रम**

## सामाजिक समरसता दिवस पर संगोष्ठी एवं खेलों भारत का समापन



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई के द्वारा गुरूवार को "सामाजिक समरसता दिवस" के अवसर पर एक गरिमामय संगोष्ठी तथा खेलों भारत क्लोजिंग सेरेमनी एवं प्राईज कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेयी रहे, जिन्होंने अपने उद्बोधन में सामाजिक समरसता, राष्ट्रनिर्माण तथा छात्र शक्ति की भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला। इसके साथ ही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एसएसपी राजनेश सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने युवा वर्ग को अनुशासन, कर्तव्य और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया। कार्यक्रम में परिषद वक्ता सत्यम शर्मा ने संगोष्ठी के विषय पर सारगर्भित विचार रखते हुए छात्र समाज को राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। खेलों भारत प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। छात्रों ने खेल भावना, टीमवर्क और अनुशासन के उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमित कुमार, हिमांशु कौशिक, जितेंद्र साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

**स्पोटर्स न्यूज**

## एफसीए प्रीमियर लीग अंडर- 14 का फाइनल मैच डिग्निटी वॉरियर्स ने जीता




**बिलासपुर।** फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में एफसीए प्रीमियर लीग सीजन- 8 अंडर- 14 का फाइनल मैच डिग्निटी वॉरियर्स और सरदार जी सुपर किंग के बीच खेला गया। जिसमें डिग्निटी वॉरियर्स ने रोमांचक मैच में पांच रनों से यह मैच जीतकर एफसीएफ प्रीमियर लीग सीजन 8 की विजेता रहे। विजेता तथा उप विजेता टीम को पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें खिलाड़ियों के अभिभावकों की मौजूदगी में फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के चेयरमैन प्रिंस भाटिया, नवदीप सिंह, आलोक घई, बजरंग अग्रवाल ने खिलाड़ियों का पुरस्कार बांटे।

इस अवसर पर प्रिंस भाटिया ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा की फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में लगातार क्रिकेट प्रतियोगिता कराई जाती है जिसमें 12- 14- आयु वर्गके खिलाड़ियोंको अपना प्रतिभा

### सिद्धार्थ ने बल्लेबाजी की और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीता

दिखाने का अवसर दिया जाता है। पूरे छत्तीसगढ़ में यह पहला खेल मैदान है जहां फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित होती है। एफसीएफ प्रीमियर लीग सीजन 8 अंडर- 14 प्रतियोगिता एक महीना पहले शुरू हुई थी और इसमें चार टीम आपस में लीग मैच खेले गए। डिग्निटी वॉरियर्स तथा सरदार जी सुपर किंग के बीच फाइनल मैच खेला गया, जिसमें फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार, मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार सिद्धार्थ निर्मलकर सिद्धार्थ निर्मलकर को दिया गया। इस खिलाड़ी ने पूरे प्रतियोगिता में दो शतक तथा तीन अर्धशतक लगाए और 452 रन बनाए और विकेटकीपर के रूप में भी इन्होंने खेल मैदान में अपनी प्रतिभा दिखाई।

## नेशनल कराते चैम्पियनशिप में एवीएम के खिलाड़ियों ने जीते 16 मेडल



दुर्ग-भिलाई स्थित महिला महाविद्यालय सेक्टर-9 में ऑल इंडिया नेशनल कराते चैम्पियनशिप 2025 आयोजित किया गया।

इसमें छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल के गोजू रयु कराते खिलाड़ियों ने अपने वजन एवं उम्र के अनुसार काता व कुमिते में हिस्सा लिया एवं मेडल व सर्टिफिकेट प्राप्त कर अपने स्कूल के साथ ही पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया। आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल के कराते कोच सेन्सई विनय गढ़ेवाल ने बताया कि इस कराते चैम्पियनशिप में ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, हरियाणा, झारखंड और छत्तीसगढ़ से लगभग 824 खिलाड़ियों, 57 कोच और 43 अधिकारियों ने भाग लिया। आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक

### जिला, राज्य व राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे खिलाड़ी

स्कूल के खिलाड़ियों को पुनः स्कूल में डायरेक्टर एसके जनास्वामी व प्राचार्य जीआर मधुलिका ने सभी शिक्षकों, छात्र छात्राओं के सामने सभी विजेता खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि हमारे खिलाड़ियों के प्रयास से 1 गोल्ड, 1 सिल्वर एवं 14 ब्राउज मेडल मिला। इस उपलब्धि के लिए आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल के चेयरमैन डॉ अजय श्रीवास्तव, डायरेक्टर एसके जनास्वामी, प्राचार्य जीआर मधुलिका, मुख्य खेल प्रभारी उत्तम साहू, अनामिका उपाध्यक्ष, सौम्या गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

## खबर संक्षेप



### 12.60 लाख आंगनबाड़ी केंद्र का भूमिपूजन

**मस्तूरी।** विकास खंड के अंतर्गत स्थित ग्राम-पंचायत जैतपुरी के आश्रित ग्राम सेमराडीह में विधायक की अनुशंसा पर स्वीकृत आंगनबाड़ी भवन का विधायक दिलीप लहरिया ने भूमिपूजन किया। 12.60 लाख रूपए की लागत से बनने वाले आंगनबाड़ी केंद्र के भूमिपूजन से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। इस अवसर पर पंचायत सरपंच, जैतपुरी, सेमराडीह के जनप्रतिनिधि व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### एक दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता 14 को

**लोरमी।** जीएच रायसोनी स्पोर्ट्स एंड कल्चरल फाउंडेशन व कल्पना प्रकाश वेलफेयर फाउंडेशन की संयुक्त पहल व छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में मुंगेली जिला शतरंज संघ द्वारा एक दिवसीय रेपिड शतरंज स्पर्धा का आयोजन 14 दिसंबर को विखं खेल केंद्र लोरमी में किया जा रहा है। मुंगेली जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि, जीएच रायसोनी स्पोर्ट्स एंड कल्चरल फाउंडेशन व कल्पना प्रकाश वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा छत्तीसगढ़ में शतरंज खेल को बढ़ावा देने तथा खिलाड़ियों को एक प्लेटफॉर्म देने के उद्देश्य से यह आयोजन कराया जा रहा हैं। प्रतियोगिता 8 चक्रों में खेली जाएगी, जिसमें टाइम कंट्रोल 25 मिनट 5 सेकंड का इंक्रीमेंट दिया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को मेरिट प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

### मातर मड़ाई राऊत नाच महोत्सव कल

**तखतपुर।** मातर मड़ाई राऊत नाच महोत्सव का आयोजन ग्राम गिरधौना में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव देवेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व विधायक डां रश्मि आशीष सिंह, जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री एवं प्रदेश सचिव आतमजीत सिंह मक्कड़ के विशिष्ट आतिथ्य में 13 दिसम्बर को शाम 6 बजे से होगा। यह जानकारी अशोक यादव ने दी।

### छोटा हाथी चालक ने लड़की को मारी टक्कर

**तखतपुर।** टिकरी निवासी कार्तिक राम यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, 8 दिसम्बर सुबह 10 बजे उसकी पुत्री काव्या घर के सामने धूप सेंक रही थी। तभी छोटा हाथी वाहन सीजी 10 बीएल 3832 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 21 को

**कोरबा।** जिले में 21 दिसम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान अभियान के सफल संचालन हेतु कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में 16 दिसंबर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में दोपहर 1 बजे जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों निर्धारित समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## निधन

### सूरज कुमार भारद्वाज



**बिलासपुर।** इमलीपारा निवासी सूरज कुमार भारद्वाज का 11 दिसंबर को निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 12 दिसंबर शुक्रवार को उनके गृह ग्राम खोरसी मस्तूरी में किया जाएगा। वे हेमंत, राजेश, अशोक, इंद्राणी भारद्वाज के पिता थे।

### सतरूपा देवी सोनी



**लोरमी।** नगर के हरिविहार वार्ड क्रमांक 6 निवासी सतरूपा देवी सोनी पति स्वर्गीय ब्रह्मप्रकाश सोनी का 80 वर्ष की आयु में बुधवार को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार नया बस स्टैंड स्थितमुक्ति धाम में किया गया। वे विष्णु सोनी एवं स्वर्णकार समाज लोरमी के अध्यक्ष कृष्णा सोनी की माता थीं।

## नरगोड़ा के गौठान क्षेत्र में देखा गया किशोर हाथी

# सीपत के करीब पहुंचा हाथी, युवक घायल, ग्रामीण कर रहे पलायन

**दहशत में लोग घर छोड़कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचे**





नरगोड़ा क्षेत्र में विचरण करता हाथी लाल गोल घेरे में। अस्पताल में घायल युवक के साथ खड़े ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

गुरुवार की रात लगभग 8 बजे सीपत से 3 किमी दूर बसे नरगोड़ा गांव में एक भटका हुआ किशोर हाथी अचानक पहुंच गया, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में अफरा–तफरी मच गई। हाथी को सबसे पहले गौठान के आसपास घूमते हुए ग्रामीणों ने देखा। इसकी सूचना मिलते ही स्थानीय लोग घबराकर अपने–अपने घरों से निकलकर नरगोड़ा बस्ती की ओर सुरक्षित स्थान पर शरण लेने लगे। सूचना पर वन विभाग की लगभग 30 सदस्यीय टीम मौके पर पहुंच गई और हाथी की मूवमेंट पर लगातार निगरानी शुरू कर दी। पिछले 10 दिनों से पोड़ी और ठरकपुर क्षेत्र में आतंक मचा रहा यही किशोर हाथी लगातार फसलें रौंद रहा है और कई ग्रामीणों को नुकसान पहुंचा चुका है। सीपत सर्किल के डिप्टी रेंजर लक्ष्मी गढ़ेवाल , वन रक्षक सचिन राजपूत सहित उनकी पूरी टीम रेस्क्यू में लगे हुए हैं।

### युवक को पैर से उछाला, घायल

दहशत के बीच 28 वर्षीय संतोष खरे पिता रामवतार खरे अचानक हाथी की चपेट में आ गए। ग्रामीणों के अनुसार हाथी ने संतोष को फुटबॉल की तरह।पैर से उछाल दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही जनपद सदस्य अनिता विजय गुप्ता मौके पर पहुंची और घायल युवक को अपनी गाड़ी में बैठाकर सीपत स्वास्थ्य केंद्र ले गईं, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

### ग्रामीणों में भय का माहौल

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से हाथी की छापामार मौजूदगी के कारण रात में जाग–जागकर समय बिताना पड़ रहा है। खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान हो रहा है और लोगों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडरा रहा है।

### वन विभाग की अपील

वन विभाग ने ग्रामीणों को रात में घरों से बाहर न निकलने, समूह में रहने और हाथी के मूवमेंट की सूचना तत्काल देने की अपील की है।



खिलाड़ियों को संबोधित करते विधायक धरमलाल कौशिक।

# डिप्टी सीएम साव ने मिनी स्टेडियम के लिए की 3 करोड़ की घोषणा

**बोदरी।** बिल्हा के ग्राम पंचायत बरतोरी में जय हिंद क्रिकेट क्लब की ओर से ओर से आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए एवं अध्यक्षता बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने की। इस मौके पर डिप्टी सीएम साव ने मैदान की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए एवं खेल को आगे बढ़ाने के लिए बिल्हा विधायक की मांग पर मिनी स्टेडियम के लिए 3 करोड़ रुपए की घोषणा की। इस अवसर पर डॉ गोविन्द यादव जिपं सभापति, डॉ देवेन्द्र कौशिक जिला मंत्री, डॉ लक्ष्मण यादव पूर्व सभापति, नरेश जायसवाल विधायक प्रतिनिधि, मनहरण नेताम सरपंच प्रतिनिधि, सोमेश तिवारी, इंद्रजीत क्षत्रिय, उमाशंकर कश्यप मंडल अध्यक्ष सहित दर्शक, जनप्रतिनिधि एवं आयोजक समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

■ क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में शामिल हुए साव व धरम

# रेल लाइन पर ठेका श्रमिक की सिर कटी लाश से हड़कंप

**सीपत।** एनटीपीसी सीपत की एमजीआर रेल लाइन पर बुधवार देर रात करीब 11 बजे ठेका श्रमिक की सिर कटी लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान ग्राम देवरी निवासी 38 वर्षीय सुरेश कुमार वस्त्रकार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सीआईएसएफ की टीम मौके पर पहुंची और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

■ परिजन ने जनप्रतिनिधियों के साथ किया ऊर्जा भवन का घेराव



घेराव किए जनप्रतिनिधि।

मौके पर पहुंच कर पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत होने की बात कही जा रही है, लेकिन परिजन और जनप्रतिनिधि इसे संदिग्ध मौत मान रहे हैं। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन बड़ी संख्या में ऊर्जा भवन पहुंचे। जनपद सदस्य रेवाशंकर साहू, सरपंच प्रतिनिधि योगेश वंशकार, नरेंद्र वस्त्रकार, राजेंद्र पाटले, जिपं सदस्य राजेंद्र धीवर सहित जनप्रतिनिधियों ने न्याय, मुआवजे और नौकरी की मांग पर जोरदार विरोध किया। इसी दौरान मौके पर सीएसपी निमितेश सिंह, तहसीलदार सोनू अग्रवाल, तथा एनटीपीसी प्रबंधन के अधिकारी पहुंचे। मामले को गंभीरता से लेते हुए एनटीपीसी तथा ठेका कंपनी के अधिकारियों ने परिजनों से चर्चा की एवं कंपनी की ओर से 50 हजार की तत्काल आर्थिक सहायता दी गई। इसके अतिरिक्त 50 हजार की अनुग्रह राशि देने पर सहमति बनी। परिजन के एक सदस्य को 3 महीने के भीतर ठेका कंपनी में काम देने का आश्वासन दिया गया। साथ ही पीएफ व ईएसआई के सभी दावों का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। प्रवीण रंजन भारती, जनसंपर्क अधिकारी एनटीपीसी ने बताया कि, मौके की स्थिति और प्रारंभिक तथ्यों को देखते हुए घटना आत्महत्या जैसी प्रतीत होती है, लेकिन वास्तविक कारण पुलिस जांच से ही स्पष्ट होगा।

### बनेगी जांच टीम

मामला अत्यंत संवेदनशील है। सभी बिंदुओं पर गहन जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। अगर आवश्यक हुआ तो विशेष जांच टीम गठित की जाएगी।

- निमितेश सिंह, सीएसपी

# धान खरीदी को लेकर विस में करेंगे सरकार का घेराव: अटल

## रतनपुर धान उपार्जन केंद्र में विधायक ने लगाई किसान जन चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



किसानों की समस्याएं सुनते कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव।

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने गुरुवार को रतनपुर धान उपार्जन केंद्र में किसान जन चौपाल लगाई। चौपाल में किसानों को होने वाली समस्याओं को सुनकर उन्होंने त्वरित निराकरण करने की कार्रवाई की। चौपाल में तहसीलदार रतनपुर शिल्पा भगत पटवारी दिलीप परस्ते जिला सहकारी बैंक के मैनेजर, मंडी प्रबंधक राकेश श्रीवास, रवि चित्रकार सहित सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

धान उपार्जन केंद्र में लगी इस किसान जन चौपाल का मुख्य उद्देश्य इस वर्ष धान खरीदी में किसानों को हो रही बहुत सारि समस्याओं का त्वरित निराकरण करना था जिसमें कई किसानों ने बताया कि उनका का एग्रिस्टेक पंजीयन में गड़बड़ी है तो किसी किसान का रखबा घटा दिया गया है टोकन काटने में सबसे ज्यादा समस्या है क्योंकि 70 प्रतिशत टोकन ऑनलाइन माध्यम से किसान को खुद काटना है जिसमें सर्वर को बहुत ज्यादा समस्याएं सामने आ रही है इसके अलावा रतनपुर धान उपार्जन केंद्र 256 में कांग्रेस सरकार के समय में 2300 क्विंटल प्रतिदिन धान की खरीदी की जाती रही है लेकिन वर्तमान सरकार के आने के बाद उसे घटाकर के प्रतिदिन 1100 कुंटल धान खरीदी किया जा रहा है इन सब समस्याओं पर विधानसभा में सरकार का ध्यानाकर्षण किया जाएगा।

कार्यक्रम में रतनपुर के ब्लॉक समन्वयक शीतल जायसवाल, ब्लॉक किसान कांग्रेस के अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, सुभाष अग्रवाल, शिवा पांडे, मदन कहर, रामगोपाल कहरा, जितेंद्र चंदेल, पार्षद पुष्प कांत कश्यप, रियाज खोखर, सावन यादव, संजीव जायसवाल, सैफ अली, विमल सोनी, संतोष सोनी, कुलदीपक दुबे, रॉकी अनुरागी, संजय कोशले सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

### सरकार की मंशा अस्पष्ट

विधायक श्री श्रीवास्तव ने कहा कि साय सरकार की धान खरीदी की मंशा अस्पष्ट दिखाई पड़ रही है, किसान परेशान है कहीं टोकन को लेकर तो कहीं रकबे के घटने के कारण। रतनपुर समिति में पर्याप्त व्यवस्था है पर सरकारी नियमों में उलझे किसानों की पीड़ा सुनने समझने वाला कोई नहीं है। विधानसभा सत्र में धान खरीदी को लेकर इस सरकार को घेरा जाएगा। सरकार को किसान की उपज का एक एक दाना ले कर उनकी मेहनत का उचित मूल्य देना ही होगा। क्षेत्र के किसानों को समस्या न हो इस न मेरा विशेष ध्यान है।

# झारखंड में बंधक बनाए गए सरगंवा के श्रमिक सकुशल बिलासपुर लौटे



**जनदर्शन में शिकायत के बाद कलेक्टर की त्वरित कार्रवाई**

**मस्तूरी।** ग्राम सरगवां मस्तूरी निवासी अमित कुमार मधुकर ने मंगलवार 9 दिसंबर को साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर संजय अग्रवाल के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की। शिकायत के माध्यम से अवगत कराया कि, उनके गांव के महिला-पुरुष और 2 बच्चों सहित 16 श्रमिक, झारखंड के सेमडेगा जिले के एक ईंट भट्ठे में अमानवीय परिस्थिति में फंसे हुए हैं एवं उनको बंधक बनाकर उनसे बेरहमीपूर्वक काम कराया जा रहा है।

कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल श्रम विभाग को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। श्रम विभाग ने शिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए संबंधित लेबर ठेकेदार नीलकंठ अंबेडकर को कारण बताओ नोटिस जारी किया। विभाग द्वारा आगामी दिनों में माननीय श्रम न्यायालय में अभियोजन की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। इसके साथ ही बिलासपुर जिला प्रशासन ने सेमडेगा झारखंड जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर श्रमिकों को मुक्त कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए। इसके परिणाम स्वरूप 10 दिसंबर की सुबह बंधक सभी श्रमिक सकुशल अपने गृहग्राम सरगवां वापस लाए गए। श्रमिकों ने सुरक्षित घर वापसी के लिए कलेक्टर, श्रम विभाग एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया।

# एरमसाही खरीदी केंद्र में अनियमितता प्राधिकृत अधिकारी हटाए गए

**सहकारी बैंक मैनेजर एवं सुपरवाइजर को भी नोटिस**

**मस्तूरी।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर धान खरीदी केंद्रों की कड़ी निगरानी रखी जा रही है एवं गड़बड़ी रोकने कई स्तर की टीमें काम कर रही हैं।

इसी क्रम में गुरुवार को आकस्मिक निरीक्षण में मस्तूरी ब्लॉक के एरमसाही खरीदी केंद्र में गड़बड़ी का बड़ा मामला उजागर हुआ। डिप्टी कमिश्नर सहकारिता सीएस जायसवाल, खाद्य नियंत्रक अमृत कुजुर, सहकारिता विस्तार अधिकारी मस्तूरी गोधुली वर्मा ने एरमसाही सहित कई केंद्रों का अचानक दौरा किया। इस दौरान उपार्जन केन्द्र एरमसाही के कंप्यूटर आपरेटर काशीराम खुंटे द्वारा धान की बोगस एंट्री फर्जी रूप से धान के केन्द्र में लाए बगैर धान आवक की एंट्री की गई तथा भौतिक सत्यापन में 920 क्विंटल धान की कमी पाई गई। साथ ही नया बारदाना 663 नग अधिक व पुराना बारदाना 5414 नग अधिक पाया गया। इस तरह से नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी एवं समिति आपरेटर द्वारा धान खरीदी में भ्रष्टाचार करना पाया गया। मामले में कम्प्यूटर आपरेटर काशी राम खुंटे के खिलाफ थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने एवं अशासकीय प्राधिकृत अधिकारी दुर्गा प्रसाद पटेल को पद से पृथक करने के आदेश जारी किए गए। साथ ही जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक सुशील पनौरे व पर्यवेक्षक वजूर सिंह राज को धान खरीदी के पर्यवेक्षण में लापरवाही हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। धान खरीदी कार्य के सुचारू संचालन, क्रय की गई धान के सुरक्षित रख-रखाव तथा संपूर्ण धान खरीदी व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

### कुदुरमाल पुल बंद होने से यातायात व्यवस्था हुआ बाधित

**कोरबा।** हसदेव नदी पर बने लगभग 50 वर्ष पुराने ग्राम कुदुरमाल पुल पर मरम्मत सुधार कार्य प्रस्तावित होने के कारण जिला प्रशासन ने आवागमन अस्थायी रूप से रोक दिया है। पुल बंद होने के कारण शहर की यातायात व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ा है। नागरिक परिषद ने इस संबंध में बुधवार को कलेक्टर को एक पत्र लिखकर तत्काल वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करने का निवेदन किया है। परिषद के अध्यक्ष सुनील जैन द्वारा प्रेषित पत्र में कहा गया है कि कुदुरमाल पुल बंद होने से संपूर्ण कोरबा शहर में वाहनों का दबाव अत्यधिक बढ़ गया।

# अनाचार के मामले में आरोपी को 12 साल की कैद

**कोरबा।** एक नाबालिक किशोरी को बहला फुसलाकर एक महिला अपने साथ उत्तर प्रदेश ले गई थी, जहां युवक ने किशोरी से शादी कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। मामले में आरोपी युवक के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने उसे 12 वर्ष एवं सश्रम कारावास एवं 5 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। विशेष लोक अभियोजक सुनील मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2024 में कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एक किशोरी को बहला फुसलाकर रजनी नामक महिला अपने साथ यूपी ले गई थी, जहां यूपी में निवासरत विनोद पटेल नामक युवक ने किशोरी के साथ शादी कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने इस मामले में विनोद और रजनी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया था और मामले को न्यायालय में पेश किया था, जहां आरोपी विनोद के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर अपर सेशन न्यायाधीश डॉ.ममता भोजवानी ने आरोपी विनोद को 12 वर्ष सश्रम कारावास व 5 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सरकण्डा तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र./ Q /तह./रा.नि./2025,
सरकण्डा, दिनांक / / 2025

1. अम्बिका ध्रुव पति स्व. अर्जुन सिंह 2. राधेश्याम 3. गोपाल शर्मा 4. सैफुद्दीन जीवाजी 5. मंजू मिश्रा 6. कु. रत्ना पांडे 7.रामलाल पांडे 8.दीपांजली प्रसाद 9. मोहम्मद याकुब साकिन सुलामिया 10. प्रशांति पाण्डेय।

**विषय:** सीमांकन के समय उपस्थित होने बाबत।

**संदर्भ:**न्यायालय अति.तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक / /तह. /रीडर/ 202, बिलासपुर, दिनांक 04/11/25

संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक/आवेदिका अम्बिका ध्रुव पति स्व.अर्जुन सिंह निवासी मंगला द्वारा छ.ग.भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम मंगला प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.नं.1560/5 रकबा 0.0080 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन न्यायालय अति. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार/अति.तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 19/12/2025 को दोपहर 01.00 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अत: आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपुर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

**टीप:**-विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।

**राजस्व निरीक्षक,**
**सरकण्डा**
**तहसील बिलासपुर**

---

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ........
ग्राम बघेलकापा प.ह.न.15

एतद् द्वारा ग्राम बघेलकापा प.ह.न. 15 रा.नि.म. बेलपान तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागीरथी यादव पिता सियाराम यादव जाति यादव निवासी बघेलकापा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा पूर्व में अपने पिता सियाराम यादव पिता अधारी की मृत्यु दिनांक 11/01/2011 को ग्राम बघेलकापा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) में होने का हवाला देते हुए अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मृत्यु प्रमाण के संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर मे मामला विचाराधिन है जिसमे दिनाक 12/12/2025 को सुनवाई नियत किया गया है उपरोक्त भूमि के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार किसी प्रकार से कोई दाव आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तखतपुर**

---

**न्यायालय तहसीलदार, सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र.202511074300010
अ-6/2025-26
ग्राम-अमेरी तहसील-सकरी,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रकांत पटेल, पिता स्व.भोलानाथ पटेल, निवासी कल्पना विहार बिलासपुर के द्वारा ग्राम अमेरी, प.ह.नं.43, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 432/30 रकबा 0.0200 हेक्टेयर का ऑनलाईन नामांतरण हेतु आवेदन पत्र भुईयां पोर्टल में प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण वसीयतनामा से संबंधित होने के कारण प्रकरण में वसीयत के गवाहों का कथन एवं मूल अभिलेख का जांच तथा विधिक वारिसान की उचित सुनवाई उपरांत प्रकरण का निराकरण किये जाने हेतु राजस्व न्यायालय में लिया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 24/12/25 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। सुनवाई दिनांक के उपरांत कोई दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/12/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**सकरी**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकर्रा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम-कोड़ापुरी तह. सकरी
जिला-बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम कोड़ापुरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुष्पा साहू पति शिव कुमार वगै. निवासी कुदुदण्ड, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कोड़ापुरी. प.ह.न.33 रा.नि.मं. अमसेना जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कोडापुरी प.ह.न.33 स्थित भूमि ख.न. 886/2, 1176/4 रकबा 0.166, हे. 0.0810 हे. में से 0.60 डिस.भूमि का मूल किसान किताब प्रदान करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में पेश किया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 16.12.25 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.11.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**उप तहसील सकर्रा**
**तहसील सकरी**

---

**-: आम सूचना :-**

मैं अपने आसामी सुशील कुमार गुप्ता उम्र 36 वर्ष पिता चुन्नी लाल गुप्ता निवासी ग्राम काठाकोनी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्व साधारण के लिये आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि मेरे आसामी द्वारा भूमि स्वामी 1/ श्रीकांत जायसवाल उम्र 32 वर्ष पिता स्व.दिलीप कुमार जायसवाल निवासी आई.टी. आई. वार्ड नं. 25 रामपुर, कोरबा तहसील, कोरबा जिला कोरबा (छ.ग.) 2/ शिव कुमार जायसवाल पिता स्व. कुंजी लाल जायसवाल निवासी बी-3, फेस-2, रायल रेसीडेंसी तोरवा गुम्बर पेट्रोल पंप के पास तोरवा नाका बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के हक स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित मौजा पेन्ड्री म.नं. 1, प.ह.न. 24 रा.नि.मं. जरौंधा, तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 187/1 रकबा 1.04 ए. जो कि प्रथम पक्षकार क. 01 एवं ख.न. 187/4 रकबा 1.05 ए. को कय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि प्रदान किया गया है और निकट भविष्य में उपरोक्त भूमि का विक्रय पंजीयन कराया जायेगा। यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक आदि को आपत्ति है तो 07 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्तानुसार अवधि अवसान पश्चात की गई दावा आपत्ति नाजायज एवं शून्य होगी।

''सो सूचना जाने''

दिनांक: 12.12.2025

**भवदीय**
**प्रकाश चन्द्र जायसवाल**
**अधिवक्ता, कपील नगर सरकण्डा बिलासपुर**
**मो. नं. -9827176433, 6268254152**

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/क/अति.तह./ वाचक / 2025
बिलासपुर, दिनांक 6/11/2025
रा.प्र.क्र. ......../अ-6/2025-26
ग्राम-खमतराई, प.ह.नं.-25

एतदद्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम खमतराई, प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. कोनी, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा खमतराई, प.ह.नं. 25. तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 559/2/क/15 रकबा 0.0120 हेक्टेयर भूमि को आवेदिका श्रीमती हरवती पाण्डेय पति श्री कृष्ण कुमार पाण्डेय निवासी नूतन कालोनी सरकण्डा तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत बिक्री पत्र के माध्यम से क्रय करने के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति/दावा हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 05/01/2026 समय 11:00 बजे उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 6/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/ / सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक 18/11/2025

आवेदक सोमनाथ दास आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1. परमेश्वरी कौशिक 2. अन्य सर्व संबंधित

विषय:- सीमांकन के संबंध में।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ अति. तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र... / तह. / अति.तह./ना. तह./ वा. / वा. 2025 बिलासपुर, दिनांक 22/06/2024

ग्राम परसदा प.ह.न. 49 रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 165/35, 166/36 रकबा 2000 व.फू. हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/ आवेदिका सोमनाथ दास पि./व. पी.सी. दास निवासी परसदा जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/अति.तह./ना. तह. बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 11/12/2025 को समय 10:00 से 5.00 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। टीप: अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक, सिरगिट्टी**
**तहसील व जिला बिलासपुर**

## खबर संक्षेप

### मानव अधिकार व्यक्ति के सम्मान सुरक्षा व समानता की गारंटी



**बिलासपुर।** सोशल फोरम ऑन ह्यूमन राइट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री गुरु तेग बहादुर शिक्षण समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह भोगल मुख्य वक्ता रहे। इसकी अध्यक्षता सोशल फोरम ऑन ह्यूमन राइट के प्रदेश अध्यक्ष गणपत चौहान ने की तथा मंच पर वार्ड क्रमांक 17 नेहरू नगर से पार्षद कार्तिक यादव, अमित चतुर्वेदी उपस्थित रहे। मुख्य अभ्यागत श्री भोगल ने कहा कि मानव अधिकार सिर्फ कानून नहीं, बल्कि एक जीवंत भावना है जो हर व्यक्ति के सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर की गारंटी देती है। समाज में अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन भी आवश्यक है। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि मानव अधिकारों की रक्षा तभी संभव है जब समाज के हर वर्ग तक न्याय, शिक्षा और जागरूकता पहुंचे। कार्यक्रम में मनोज यादव, मनमोहन देवांगन, सुखजीत सिंह भोगल, बबलू राजपूत, दीपक सोनवानी, प्रदीप कोष्टा आदि मौजूद थे।

### जीवधर्णी फाउंडेशन ने आयोजित किया यातायात जागरूकता सप्ताह




**बिलासपुर।** जीवधर्णी फाउंडेशन द्वारा यातायात जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य यातायात नियमों को 7 दिनों में प्रचारित करना उद्देश्य रहा। यातायात एडिशनल एसपी राम गोपाल करियारे के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा। इसमें सातों दिन नगर के विद्यार्थी एवं नागरिक सम्मिलित होंगे। शहर के प्रमुख चौराहों पर जागरूक करने पोस्टर्स और नारे लगाकर सिग्नल पर रुके वाहन चालकों को जागरूक करेंगे। इसी तारतम में आज तीसरे दिन शिव टॉकिज चौक पर डीपी विप्र कॉलेज के एनएसएस विद्यार्थियों सहित कार्यक्रम को संपन्न किया गया। जिसमें हेलमेट का उपयोग करना, सिग्नल में लेफ्ट फ्री रखना, वाहन की गति नियंत्रित रखना, शराब पीकर वाहन ना चलाना, तीन सवारी नहीं चलना, रॉन्ग साइड वहां ना चलाना प्रमुख रूप से सम्मिलित किए गए। यातायात के मास्टर ट्रेनर उमाशंकर पांडे ने जिले की सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों के साथ यातायात के प्रति जागरूक किया। प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह ने यातायात के नियमों को संगीत के साथ बताया। कार्यक्रम में विकास चंद्र वर्मा, मास्टर ट्रेनर सब इंस्पेक्टर उमाशंकर पांडे, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह, मनोज सिन्हा, युप्पेश कुमार साहू, आर्यन तिवारी, राजा कौशिक, आशीष पटेल, शिखल नामदेव तथा फाउंडेशन के सदस्य मौजूद थे।

### प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जंबूरी का भूमि पूजन बालोद, दुधली में



**बिलासपुर।** प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जम्बूरी का भूमि पूजन कार्यक्रम 8 दिसंबर को दुधली जिला बालोद (छत्तीसगढ़) में किया गया। इसके मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव थे। भूमि पूजन विधिवत मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली अमर बी. छेत्री, राज्य मुख्य आयुक्त इन्द्रजीत सिंह खालसा तथा राज्य सचिव जितेन्द्र कुमार साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर बिलासपुर जिले से स्काउटर देवब्रत मिश्रा, संतोष कुमार त्रिपाठी, भूपेन्द्र शर्मा तथा महेन्द्र बाबू टंडन तथा गाइडर बीना यादव, डॉ. भारती दुबे, सुश्री लता यादव, कल्पना सिंह, लक्ष्मी बृजवासी एवं सुश्री निधि कश्यप आदि मौजूद थीं।

### 'वाटरशेड महोत्सव' में श्रमदान से बना सैंडफिल डैम



**बिलासपुर।** माइक्रो वाटरशेड अंतर्गत ग्राम नगपुरा के भालू पथरा नाले में वाटरशेड महोत्सव पर श्रमदान के माध्यम से सैंडफिल डैम का निर्माण किया गया। इस डैम के निर्माण से क्षेत्र के किसानों को अधिक मात्रा में जल उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही भू-जल स्तर में वृद्धि होगी, जिससे खेती-किसानी को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की उत्पादन क्षमता में सुधार होगा। कार्यक्रम में परमेश्वर खुसरो, सरपंच नगपुरा अनूपा पैकरा, तुलुफ मोहन सिंह श्याम, सुरति परमेश्वर खुसरो, डॉ. शिल्पा कौशिक एवं डॉ. एकता ताम्रकार, पंकज मिंज, प्रबंधक नवीन तिवारी, प्रबंधक अवनीश सिंह, सोहन सिदार, अमित नागराज, श्यामलाल पैंकरा आदि मौजूद थे।

### डिस्ट्रिक गवर्नर पीएमजेएफ की आधिकारिक यात्रा कल

**बिलासपुर।** अंतरराष्ट्रीय संस्था इंटरनेशनल 3233 सी लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल द्वारा डिस्ट्रिक गर्वनर पीएमजेएफ की अधिकारिक यात्रा 13 दिसंबर को होगी। क्लब की एडमिनिस्ट्रेटर एवं अध्यक्ष रीता राजगीर ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था इंटरनेशनल 3233 सी, लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल द्वारा डिस्ट्रिक गवर्नर पीएमजेएफ विजय अग्रवाल डिस्ट्रिक गवर्नर (कोरबा) की एवं रीजन चेयरपर्सन रीजन 4 बी महेश, जोन चेयरपर्सन जोन 3, डॉ . आराधना दास, की संयुक्त आधिकारिक यात्रा 13 दिसंबर को दोपहर 1 बजे होटल सैफरन में होगी है।

## शाला निरीक्षण के लिए ऐप किया लांच

### शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा-संसाधनों की कोई कमी नहीं

# पढ़ाई में रुचि लेने और समर्पित शिक्षकों की है जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने गुरुवार को कलेक्टोरेट मंथन सभाकक्ष में संभागीय समीक्षा बैठक लेते हुए कहा कि राज्य में शिक्षक एवं शैक्षणिक संसाधनों की कोई कमी नहीं है। जरूरत अपने स्कूल के प्रति प्रेम करने वाले और पढ़ाई में रूचि दिखाने वाले समर्पित शिक्षकों की है। राज्य सरकार अच्छे शिक्षकों को जहां पुरस्कृत करेगी वहीं लापरवाह किस्म के शिक्षकों को सजा देने में भी कोई कोताही नहीं बरतेगी।

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने इस अवसर पर स्कूलों के निरीक्षण के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के उपयोग के लिए तैयार एप को लांच किया। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए स्कूलों के निरंतर निरीक्षण पर जोर दिया। श्री यादव ने जिला शिक्षा अधिकारी से लेकर संकुल समन्वयक तक निरंतर स्कूलों का दौरा करने के निर्देश दिए। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परेदशी, समग्र शिक्षा की एमडी डॉ. प्रियंका शुक्ला, डीपीआई ऋतुराज रघुवंशी सहित संभाग के सभी आठों जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी, डीएमसी, बीईओ, बीआरसी शामिल थे। मंत्री श्री यादव ने सभी जिलों को अगले तीन वर्षों के लिए एक समग्र कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय अधोसंरचना के मजबूत विकास, शैक्षणिक माहौल के संवर्धन और शिक्षण गुणवत्ता में ठोस सुधार को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बच्चों की बेहतर शिक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी और दीर्घकालिक योजनाएं ही स्थाई सुधार की नींव बनेंगी।



शिक्षा की गुणवत्ता के लिए तैयार एप का लांच करते शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव सहित अन्य अधिकारी।

### ऑनलाइन बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य

शिक्षा मंत्री श्री यादव ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की जाए। उन्होंने बताया कि समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए विभाग द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। साथ ही डीईओ, बीईओ और बीआरसी अधिकारियों को विद्यालयों के नियमित निरीक्षण, दौरा चार्ट तैयार करने और उसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार हो सकें।

### शैक्षणिक परिणाम सुधार हेतु लक्ष्य निर्धारित

वार्षिक परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री यादव ने कक्षा 10 वीं का परिणाम 85 प्रतिशत तथा 12 वीं का परिणाम 90 प्रतिशत लाने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य केवल उत्तीर्ण तक सीमित नहीं रहे बल्कि विद्यार्थियों को उच्च श्रेणी में उत्तीर्ण कराना है। उन्होंने सभी जिलों को मासिक परीक्षा की सतत निगरानी, ब्लू प्रिंट आधारित अध्ययन, उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग और कुशल शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण अध्यापन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कमजोर बच्चों को चिन्हित कर उनके लिए अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित करने को कहा है।

### बेसिक लर्निंग पर विशेष फोकस

मंत्री ने कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए धारा प्रवाह हिंदी पढ़ने को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजना तैयार करने को कहा। साथ ही माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थियों की बेसिक गणित और अंग्रेजी दक्षता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों के अपार आईडी को शतप्रतिशत पूरा करने पर भी जोर दिया। उन्होंने स्कूलों की यू-डाइस को भी अपडेट करने के निर्देश दिए। बिलासपुर और सक्ती जिले में अपार आईडी के निर्माण की कम प्रगति पर नाराजगी जाहिर की और इसमें अगले एक सप्ताह में सुधार लाने के कड़े निर्देश दिए। ड्रॉपआउट रोकने को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की बात कही ।

### पंचायतों को दें स्कूल मरम्मत का काम

मंत्री श्री यादव ने स्कूल मरम्मत के छोटे-छोटे काम स्थानीय ग्राम पंचायतों के माध्यम से कराने को कहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल में आमतौर पर शौचालय निर्माण, शौचालय मरम्मत, पोताई, बिजली, पानी के काम होते है। देखा गया है कि अन्य एजेंसियों के माध्यम से कार्य कराने पर काफी विलंब होता है। उन्होंने 31 जनवरी तक शौचालय संबंधी सभी काम पूर्ण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

### बैठक में बेहोश होकर गिर पड़े बीईओ



कलेक्टोरेट के मंथन सभाकक्ष में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव विभागीय समीक्षा बैठक ले रहे थे। मंत्री के सवाल करते ही कोटा विकासखंड के बीईओ बेहोश होकर बीच बैठक में गिर पड़े। उसके तत्काल बाद उन्हें बाहर लाया गया और होश लाने के बाद अस्पताल भेजा गया। बीईओ से स्कूलों की संख्या, स्कूलों में किए गए निरीक्षण एवं गड़बड़ियों पर कार्रवाई संबंधी सवाल किए गए थे। सवालों का जवाब देने से पहले ही वे बेहोश हो गए। इसके बाद उन्हें अस्पताल भेजा गया।इस बैठक में शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, संचालक डा.प्रियंका शुक्ला और डीपीआई ऋतुराज सूर्यवंशी भी बैठक में उपस्थित थे।

### पुरानी खामियों को सुधारने का काम कर रहेः मंत्री

प्रदेश स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के बाद कलेक्टोरेट में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि उन्हें मंत्री बने तीन महिने हुए हैं और वे लगभग 21 जिलों का दौरा कर चुके हैं और यह तीसरी संभाग की बैठक आज यहां हुई है। इसमें राशि जो जारी हुई है उसका कितना काम हुआ, कितना पेंडिंग है। पाठयक्रम कितना हुआ है और बोर्ड परीक्षाओं को लेकर क्या तैयारी है आदि विषयों पर जानकारी ले रहे हैं। श्री यादव ने बताया कि बैठक में डीईओ, बीईओ, बीआरसी सहित मैदानी अधिकारियों को शामिल कर रहे हैं और आने वाले समय में व्यवस्था को बेहतर बनाएंगे। विभाग में पुरानी खामियों को भी सुधारने का काम कर रहे हैं और ज्यादतर आनलाइन सिस्टम कर रहे हैं।

## नागरिक उड्डयन मंत्री नायडू ने दिया एयरपोर्ट के विस्तार का आश्वासन

# एयरपोर्ट विस्तार के लिए दिल्ली में धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ धरना में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और सांसद ज्योत्सना महंत हुए शामिल

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति द्वारा एयरपोर्ट को लेकर दिल्ली में प्रदर्शन जारी है। समिति के 20 सदस्य प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ केंद्र में नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू के साथ मुलाकात की।उन्होंने ज्ञापन सौंपा। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने श्री नायडू को से कहा कि एयरपोर्ट के लिए पिछले 6 साल से आंदोलन किया जा रहा है। यह बहुत ही बड़ा मुद्दा है और लोगों की मांग है।

समिति के सदस्यों ने श्री नायडू से कहा कि बिलासा एयरपोर्ट राज्य के स्वामित्व का एयरपोर्ट है। उसके विकास में केंद्र से सीधी धनराशि का आंबटन नहीं किया गया है। समिति के प्रतिनिधिमंडल ने श्री नायडू से कहा है कि जिस तरह स्मार्ट सिटी भी राज्य और स्थानीय निकाय के अधीन होती है लेकिन केंद्र के आबंटन से नियोजित कार्य किए जा रहे है। इस प्रकार एयरपोर्ट के लिए भी फंड की व्यवस्था किया जाना चाहिए। सकारात्मक सुझाव पर नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि एयरपोर्ट के प्रबंधन, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ एमओयू करके फंड की व्यवस्था की जा सकती है। जिसका तोखन साहू ने समर्थन करते हुए कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव सांय से चर्चा करने की बात कही। इस दौरान उड़ानों में कमी करने के लिए अलाइंस एयर के अधिकारियों से चर्चा करने की बात कही। प्रतिनिधि मंडल ने दिल्ली के लिए नियमित और सीधी फ्लाइट, हैदराबाद की नई फ्लाइट चलाने की मांग की है। आंध्र समाज के द्वारा दक्षिण भारत के लिए नियमित फ्लाइट की मांग की गई है।





दिल्ली में पोस्टर लेकर प्रदर्शन करते हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के सदस्य।

### जंतर-मंतर में किया जा रहा प्रदर्शन

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति द्वारा राष्ट्रीय धरना स्थल जंतर मंतर पर एक सांकेतिक धरना प्रदर्शन दिया गया। दोपहर 2से 5 बजे तक प्रदर्शन करते सदस्यों ने भरपूर नारेबाजी, रैली निकाली। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत भी शामिल हुईं। श्री बघेल ने कहा कि डबल इंजन सरकार में सिंगल इंजन जितना पावर भी नहीं है। वही डॉ ज्योत्सना महंत ने कहा कि न्यायधानी होने के साथ- साथ रेलवे जोन और एसईसीएल का मुख्यालय है ऐसे में सर्व सुविधा युक्त एयरपोर्ट की नितांत जरूरत है।

### यह लोग रहे शामिल

संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल में रामशरण यादव, अशोक भंडारी, बद्री यादव, समीर अहमद बबला, विजय वर्मा,सोमनाथ यादव, प्रकाश बहरानी, देवी सिंह, बद्री प्रसाद,परसराम केवट, प्रशांत सिंह, शिरीष कश्यप, अनूप तिवारी,अकील अली और और सुदीप श्रीवास्तव शामिल रहे।

## सिम्स प्रबंधन ने मांगा है 4 सीटों में एडमिशन



# सिम्स में टीबी और चेस्ट की पीजी सीट

■ एनएमसी ने किया वर्चुअल निरीक्षण

**बिलासपुर।** सिम्स सहित प्रदेश के सभी मेडिकल कालेजों में नए सत्र के लिए पीजी एडमिशन शुरू हो चुका है। प्रोफेसर की कमी के चलते सिम्स को अबतक टीबी व चेस्ट विभाग के लिए पीजी की सीट नहीं मिल सकी है। एनएमसी ने गुरूवार को सिम्स का निरीक्षण किया है। इस दौरान वर्चुअल निरीक्षण के दौरान एनएमसी ने गाइडलाइन के अनुसार सिम्स से दस्तावेजों की मांग की और व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जाहिर की है। अब नए सीटों की स्वीकृति का इंतजार प्रबंधन द्वारा किया जा रहा है।

इस साल से सिम्स में 3 विषयों में पीजी की कक्षाएं शुरू हो चुकी हैं, लेकिन प्रबंधन की लाख कोशिशों के बाद भी एनएमसी ने टीबी व चेस्ट विभाग के लिए पीजी सीट की अनुमति नहीं दी है। सिम्स प्रबंधन ने हाल ही में एनएमसी से सीटों के पुनविचार के लिए पत्र प्रेषित किया था, जिसपर गुरूवार को दिल्ली की 5 सदस्यीय टीम ने वर्चुअल निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने सिम्स अस्पताल की ओपीडी, आईपीडी और समस्त जांच की रिपोर्ट मंगाई और उनका विश्लेषण किया। इसके साथ ही टीबी चेस्ट विभाग में अबतक के मरीजों का ब्योरा मांगा गया है। इसके बाद टीम ने जांच और टेस्ट के आंकड़ों का विश्लेषण किया। टीम द्वारा सिम्स में प्रतिदिन भर्ती होने वाले मरीजों की जानकारी भी मांगी है। इस दौरान डीन डॉ रमणेश मूर्ति ने बताया कि विभाग में प्रोफेसर के तौर डा प्रतीक कुमार, सहायक प्रोफेसर डॉ अनिल डडेसना, एसआर डॉ आकांक्षा गुप्ता और 3 जूनियर डाक्टर कार्यरत है। वर्चुअल निरीक्षण के दौरान सिम्स के डीन डॉ रमणेश मूर्ति, प्रोफेसर डॉ प्रतीक कुमार और नोडल अधिकारी डॉ सुपर्णा गांगूली मौजूद रही।

### इसलिए रोकी गई थी सीट

इस साल टीबी व चेस्ट विभाग के एचओडी और प्रोफेसर डॉ पुनीत भारद्वाज की मौत हो गई है, जिसके बाद से सिम्स में इस विभाग में प्रोफेसर की कमी हो चुकी है। एनएमसी के नियमों के अनुसार बिना प्रोफेसर के पीजी सीटों की मान्यता मिलना मुमकिन नहीं है। ऐसे में डीन डॉ रमणेश मूर्ति ने राज्य सरकार से डॉ प्रतीक कुमार को प्रोफेसर के तौर पर पदनामित कराया है। जिसके बाद इसकी जानकारी एनएमसी तक पहुंचा दी है। यही कारण है कि एनएमसी द्वारा गुरूवार को निरीक्षण किया गया है। यह बात सामने आ रही है कि पहले टीम सिम्स का निरीक्षण करने आने वाली थी, लेकिन गुरूवार को वर्चुअल तरीके से निरीक्षण किया गया है। संभावना है कि टीबी व चेस्ट विभाग में भी जल्द ही पीजी की सीटों की अनुमति मिलेगी।

### दी गई है जानकारी

हमने इस साल 4 विषयों पर पीजी सीट की मांग की थी, टीबी व चेस्ट विभाग में प्रोफेसर की कमी के चलते सीट नहीं मिल पाई है अब एनएमसी ने जितनी जानकारी मांगी है उतनी हमने दी है। हमें उम्मीद है कि इसी सत्र से इस विषय में भी पीजी की कक्षाएं शुरू होगी।

-डॉ रमणेश मूर्ति, डीन, सिम्स मेडिकल कालेज

## उद्योग संघ के सदस्यों ने किया नवनिर्मित औद्योगिक प्रक्षेत्र सेलर का भ्रमण



नवनिर्मित औद्योगिक प्रक्षेत्र सेलर का भ्रमण करने पहुंचे उद्योग संघ के पदाधिकारी और सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नव निर्मित औद्योगिक प्रक्षेत्र सेलर का भ्रमण उद्योग संघ के सभी सदस्यों ने हरीश केडिया के नेतृत्व में किया। इस अवसर पर उद्योग विभाग के मुख्य महाप्रबंधक टेकाम, महाप्रबंधक संतोष ध्रुव, पवन ओझा, संतोष पांडे, श्रीधर राव प्रबंधक मार्ग दर्शन एवं जानकारी उपलब्ध करवाने उपस्थित थे। उद्योग संघ के अध्यक्ष सतीश शाह, महा सचिव शरद सक्सेना, उपाध्यक्ष शिव अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र गांधी, कोषाध्यक्ष राम सुखीजा, दिनेश भूतड़ा, प्रकाश त्रिवेदी, धर्मेंद्र पटेल, पूरन सिदारा, यज्ञदत्त, मनीष कुमार, ठाकुर इत्यादि उपस्थित थे। सेलर औद्योगिक प्रक्षेत्र 100 एकड़ में स्थापित है। इसे ऑक्शन द्वारा बोली लगाकर सम्पूर्ण दस्तावेज उपलब्ध कर प्राप्त किया जा सकता है, ऐसे युवा जो उद्योग स्थापित करना चाहते हैं उनके लिए सुनहरा अवसर है। उद्योग संघ उनका पूरा सहयोग करेगा।

### मसीही समाज की क्रिसमस गीत संगीत स्पर्धा आज

**बिलासपुर ।** संयुक्त मसीही समाज द्वारा 12 दिसंबर को क्रिसमस गीत संगीत प्रतियोगिता का आयोजन शाम 6 बजे से किया जाएगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष जयदीप राबिंसन ने बताया कि प्रतियोगिता में सामूहिक गीत 5 मिनट का होगा। इसे लाइव म्यूजिक के द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इसी तरह एकल गीत सोलो 3 मिनट लाइव म्यूजिक, गिटारिस्ट अपना साउंड बाक्स, एक्स्टेंशन कोर्ड व आर्गनिस्ट एक्सटेंशन कोर्ड साथ लाना होगा। यह कार्यक्रम डिसाईपल्स आफ ख्राईष्ट चर्च सिविल लाइन में होगा। इसे सफल बनाने के लिए समिति के उपाध्यक्ष डा. राजीव पीटर्स, सचिव डा. रत्नेश कुमार, प्रखर पटेल, प्र. हेरी डेनियल, पा. विनय वानी, पा. हिमांशु जेकब, मिनेश चरन, संदीप तिमोबी आदि आवश्यक तैयारी में जुटे हैं।

## खबर संक्षेप

### सट्टा खिलाते पकड़ा गया सटोरिया

**बिलासपुर।** पुलिस ने रामालाइफ सिटी में सट्टा खिलाते सटोरिए को गिरफ्तार कर लिया है। सकरी टीआई विजय चौधरी को सूचना मिली रामलाइफ सिटी निवासी सत्या दास उर्फ सत्तु वाधवा पिता कृपाल दास वाधवा 48 साल अपने घर के पास बैठकर सट्टा खिला रहा है। पुलिस ने कालोनी में दबिश देकर सट्टा खिलाते उसे पकड़ लिया। उसके पास से 300 रुपए, सट्टापट्टी जब्त की गई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### करंट से कर्मचारी की मौत, दो पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** काम करने के दौरान करंट लगने से कर्मचारी की मौत के मामले में पुलिस ने जीएम मोटर्स संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, यदुनंदन नगर निवासी श्यामू डाहिरे पिता श्रीराम डाहिरे 30 साल की 26 जुलाई 2025 को जीएम मोटर्स में काम करने के दौरान करंट लगने से मौत हो गई थी। जांच के बाद पुलिस ने कर्मचारी को सुरक्षा का उपकरण उपलब्ध कराने में लापरवाही पाए जाने पर प्रबंधक मनीष कुमार, गौतम कुमार राकेश के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### परीक्षाओं की तैयारी करने परीक्षा 14 को

**बिलासपुर।** राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019 अंतर्गत परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, बिलासपुर में अनु.जाति, अनु.जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए एसएससी, बैंकिंग भर्ती बोर्ड, रेलवे भर्ती बोर्ड, व्यापम एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है। अभ्यर्थियों से 28 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित था। तृतीय प्रशिक्षण सत्र के लिए प्राक्चयन परीक्षा 14 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक होगी। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी प्रशिक्षण केन्द्र से संपर्क कर सकते हैं। पात्र अभ्यर्थी 8 दिसम्बर से अपना प्रवेश पत्र परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, साइंस कॉलेज के पास, चांटीडीह रोड, बिलासपुर से प्राप्त कर सकते हैं। प्राक्चयन परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र डेल्टा पब्लिक स्कूल, पुराना हाई कोर्ट के सामने बिलासपुर निर्धारित किया गया है।

### मेडिकल की पीजी सीटों में घटा कोटा, डाक्टर नाराज

**बिलासपुर।** मेडिकल कालेजों में पीजी विषयों पर सीटों के आबंटन में बदलाव के लिए राज्य सरकार ने कोर्ट के आदेश के अनुसार सीटों का बटवारा कर दिया है लेकिन अब एमबीबीएस और डाक्टरों के एसोसिएशन द्वारा कड़ा एतराज जताया जा रहा है। कोटा घटाने के बाद डाक्टरों का बड़ा समूह इसके विरोध में खड़ा हो चुका है। सिम्स के डाक्टरों ने भी प्रदर्शन को लेकर सामने आने की बात कही है। दरअसल अब तक मेडिकल में पीजी सीटों के लिए 50-50 फीसदी सीटों आरक्षण लागू है। यानी राज्य के 50 फीसदी एमबीबीएस पासआउट डाक्टरों को पीजी में एडमिशन मिल सकता है, लेकिन हाल ही में में राज्य कोटा को सीधे 50 से घटाकर 25 फीसदी कर दिया गया है। वहीं ऑल इंडिया कोटे को 75 फीसदी कर दिया गया है। राज्य में 405 सीटें पर एडमिशन दिया जाता है। 303 सीटें ऑल इंडिया कोटे में शामिल होगी वहीं 102 सीटें राज्य के एमबीबीएस छात्रों के हिस्से में आएगी। सिम्स के जूनियर डाक्टरा एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ नागेन्द्र साहू ने बताया कि इससे छत्तीसगढ़ के छात्रों को नुकसान होना तय है।

एक साल में हो चुकी हैं दो सामान्य सभा बैठकें

विधायक, पूर्व मंत्री और वर्तमान मंत्री अपने-अपने समर्थकों के नाम आगे बढ़ा रहे

# 11 कुर्सियों के लिए राजनीतिक खींचतान, दो साल बाद भी नहीं हो सकी एल्डरमैन की नियुक्ति

**बिलासपुर।** दो साल बाद भी बिलासपुर सहित प्रदेश के किसी भी निकाय में नए एल्डरमैन की नियुक्ति नहीं हो सकी है। परिणामस्वरूप निगम की सामान्य सभा की बैठकों में केवल वार्डों के पार्षद ही शामिल हो रहे हैं। बिलासपुर में भी शहर सरकार को सत्ता में आए करीब एक साल हो रहे हैं इसके बाद भी इस तरफ किसी का ध्यान नहीं है। इसमें सत्ता पक्ष की अंदरूनी राजनीति प्रमुख भूमिका निभा रही है।

भाजपा में बिलासपुर, बिल्हा, बेलतरा और तखतपुर के विधायक, पूर्व मंत्री और वर्तमान मंत्री अपने-अपने समर्थकों के नाम आगे बढ़ा रहे हैं। दरअसल वैसे तो इनकी नियुक्ति राज्य सरकार के द्वारा होती है, लेकिन यह पूरी तरह राजनैतिक नियुक्तियां ही मानी जाती हैं। राज्य सरकार ऐसे ही लोगों को नियुक्त करती है जो निकायों के प्रशासन का अनुभव रखते हैं। यही वजह है कि पूर्व पार्षद और एल्डरमैन ही दोबारा इस पद पर आ जाते हैं। यह भी लगभग तय रहता है कि जिसकी राज्य में सरकार होती है, एल्डरमैन भी उसी पार्टी से जुड़े लोगों को बनाया जाता है। इसके पीछे की वजह यह है यह राज्य सरकार विशेषाधिकार है कि वह किसी को भी नियुक्त कर सकती है। राज्य सरकार की नियुक्ति कोई चुनौती भी नहीं दे सकता। बिलासपुर निगम में भी 11 एल्डरमैन पद स्वीकृत हैं, लेकिन सरकार बदलने के बाद भी अब तक ये पद खाली पड़े हैं। निगम में भाजपा की सत्ता आए एक साल हो चुका है, इस दौरान सामान्य सभा की दो महत्वपूर्ण बैठकें हो चुकी हैं, परंतु दोनों में एल्डरमैन की गैरमौजूदगी महसूस की गई। ध्यान रहे कि प्रदेश में कांग्रेस शासनकाल में नियुक्त किए गए मनोनीत पार्षदों (एल्डरमैन) की नियुक्तियां 22 दिसंबर 2023 को निरस्त कर दी गई थीं।




### फाइल एक बार बढ़ीं लेकिन बात नहीं बनी

2023 में जब भाजपा की सरकार बनी तो उसने सभी एल्डरमैन को बर्खास्त कर दिया। 2024 में यह तय हुआ कि नगरीय निकाय चुनाव होने वाले हैं, इसके बाद ही एल्डरमेन नियुक्त होंगे। जनवरी 2025 में नगरीय निकायों का भी रिजल्ट आ गया। फिर एक बार फाइल आगे बढ़ी, लेकिन तब संगठन चुनाव में भाजपा पार्टी लग गई। संगठन चुनाव के बाद बिहार चुनाव में बड़े नेताओं की ड्यूटी लगा दी गई। अब यह उम्मीद जताई जा रही है कि अगले एक-दो महीने में एल्डरमैन की नियुक्तियां हो जाएंगी। निकायों में नियुक्त होने वाले पार्षदों को वार्ड पार्षद की तरह ही पार्षद निधि प्रदान की जाती है। निगम की हरेक बैठक में शामिल होकर विकास कार्य सहित अन्य मामलों में सुझाव भी दे सकते हैं लेकिन वोटिंग का अधिकार नहीं होता।

### प्रदेश में 664 एल्डरमैनों की नियुक्ति अटकी

बता दें कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1956 की धारा 9 के तहत नगरीय निकायों में एल्डरमैन एवं दिव्यांग मनोनीत सदस्य नियुक्त किए जाते हैं। नगर निगमों में 8, नगर पालिकाओं में 5 और नगर पंचायतों में 3 एल्डरमैन नियुक्त किए जाते हैं। वार्डों की संख्या अधिक होने पर इनकी संख्या बढ़ सकती है। फरवरी में निकाय चुनाव में राज्य में 10 नगर निगमों, 49 नगरपालिकाओं और 113 नगर पंचायतों में चुनाव हुए हैं। इस हिसाब से नगर निगम में 80, नगर पालिका में 245 और नगर पंचायतों 339 में एल्डरमैनों की नियुक्ति की जानी है। इस तरह से 664 एल्डरमैनों की नियुक्ति की होगी।

### राजनीतिक शक्ति संतुलन का मुद्दा

स्थानीय राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि 11 में से अधिकतर पदों पर भाजपा के पुराने पार्षद, पूर्व एल्डरमैन और संगठन से जुड़े अनुभवी चेहरों की दावेदारी मजबूत है। निकायों में लगभग दो साल से लंबित यह नियुक्ति अब राजनीतिक शक्ति संतुलन का अहम मुद्दा बन गई है। इसमें सभी बड़े नेता अपने चहेतों को एल्डरमैन की जिम्मेदारी दिलाने में लगे हुए हैं। पिछली सरकार कांग्रेस की थी तो सभी निकायों में कांग्रेसियों को ही एल्डरमैन बनाया गया था। इस बार भाजपा की सरकार में कई भाजपाई नेता एल्डरमैन के लिए मशक्कत करते नजर आ रहे हैं।

### जल्द होगी नियुक्ति

बिलासपुर नगर निगम में पहले 6 एल्डरमैन होते थे। फिर वार्डों की संख्या 70 हुई तो अब 11 एल्डरमैन होंगे। इसके लिए नाम लेकर शासन को भेज दिया गया है। जल्द ही बिलासपुर सहित प्रदेशभर में एल्डरमैन की नियुक्ति की जाएगी

**- श्रीमती पूजा विधानी**, महापौर नगर निगम, बिलासपुर

कम किराए पर दुकान उपलब्ध कराकर वादा निभाए नगर निगम

# नए काम्पलेक्स में दुकान की मांग को लेकर इमलीपारा के व्यापारियों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिलासपुर

पुनर्स्थापन व दुकान के बदले इमलीपारा नए काम्पलेक्स में दुकान दिए जाने की मांग को लेकर व्यापारियों ने गुरुवार को इमलीपारा काम्पलेक्स के सामने धरना प्रदर्शन किया। ये वही व्यापारी हैं जिनकी दुकानें काम्पलेक्स निर्माण के लिए नगर निगम द्वारा तोड़ी गई थी। नगर निगम द्वारा किराए पर दुकान के लिए टेंडर जारी किया गया है, इसलिए ये व्यापारी कम दर पर उन्हें दुकान देने की मांग कर रहे हैं।

- व्यापारियों ने की दुकान के बदले दुकान की मांग

नगर निगम द्वारा इमलीपारा में बनाए गए नए काम्पलेक्स की दुकानों को किराए पर देने टेंडर निकाला गया है। इसमें कोई भी व्यापारी किराए पर दुकान लेने आवेदन कर सकता है, इसलिए इमलीपारा के उन पुराने दुकान वालों में नाराजगी है, जिनकी दुकान काम्पलेक्स निर्माण के लिए नगर निगम द्वारा तोड़ी गई थी। व्यापारियों के अनुसार उनकी दुकान काम्पलेक्स निर्माण के लिए तोड़ी गई थी, इसलिए उनका वहीं पर पुनर्स्थापन किया जाए तथा दुकान के बदले दुकान दी जाए। व्यापारी इसी मुद्दे को लेकर आज इमलीपारा नए काम्पलेक्स के सामने धरना प्रदर्शन किए। धरना देने वाले व्यापारियों का कहना है कि उनकी दुकानों को हटाकर काम्पलेक्स निर्माण किया गया है इसलिए रियायत दर पर उन्हें नए काम्पलेक्स में किराए पर दुकान उपलब्ध कराई जाए।



गुरुवार को इमलीपारा काम्पलेक्स केसामने धरना-प्रदर्शन करते व्यापारी।

### 10 करोड़ की लागत से बना दो मंजिला काम्पलेक्स

इमलीपारा में लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से दोमंजिला काम्पलेक्स का निर्माण कराया गया है। इसमें ऊपर और नीचे मिलाकर कुल 65 दुकानें निकाली गई हैं। इस काम्पलेक्स के निर्माण के लिए नगर निगम द्वारा इमलीपारा के 84 पुराने दुकानों को तोड़ा गया था। शुरुआत में व्यापारियों ने दुकान तोड़े जाने का काफी विरोध भी किया था, किन्तु बाद में काम्पलेक्स में दुकान मिलने की उम्मीद में व्यापारी शांत हो गए थे।

### पांच लीजधारियों को मिली है दुकानें

इमलीपारा के नए काम्पलेक्स में 65 दुकानों में 22 दुकानों का आबंटन पहले हो चुका है। इसमें से 5 दुकानें पुराने लीजधारी व्यापारियों को दिया गया है। लीज वाले व्यापारियों को दुकान दिए जाने का निर्णय पहले ही लिया जा चुका था। बाकी दुकानों के लिए जिन व्यापारियों की दुकान टूटी है, वे दुकान पाने की जद्दोजहद कर रहे हैं।

### पगड़ी नहीं ली जा रही है

इमलीपारा स्थित नए काम्पलेक्स की दुकानों को किराए पर दिया जाएगा और इसके लिए प्रक्रिया चल रही है। दुकान का किराया व्यापारियों को अधिक लग रहा है, जबकि यह देखना चाहिए कि केवल दुकान किराया लिया जा रहा है। व्यापारियों से किसी तरह की पगड़ी जमा नहीं कराई जा रही है।

**-खजांची कुम्हार**
अपर आयुक्त, नगर निगम

# लालबत्ती गाड़ी में घूमकर फारेस्ट गार्ड ने की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिलासपुर



वन मंडल बिलासपुर के कोटा वन रेंज में पदस्थ एक फारेस्ट गार्ड पिछले कई दिनों से लालबत्ती लगी गाड़ी में घूमकर लकड़ी कटाई के नाम से अवैध वसूली कर रहा है। इसकी शिकायत क्षेत्र के एक किसान ने वन विभाग के उच्चाधिकारियों से की है, जिस पर अधिकारियों ने फारेस्ट गार्ड के खिलाफ जांच शुरु कर दी है।

- एक किसान ने की वन विभाग के अफसरों से शिकायत

कोटा रेंज के सल्का क्षेत्र में मिसाल खान नाम का व्यक्ति फारेस्ट गार्ड के पद पर पदस्थ है। पिछले कई दिनों से वह एक बोलेरो में लाल बत्ती लगाकर अवैध वसूली कर रहा है। जानकारी के अनुसार दो दिन पहले वह सल्का बीट में नाका चौक के एक धर्मकांटे पर पहुंचा, जहां गांव का एक किसान बबलू की लकड़ियों को लेकर आया था। फारेस्ट गार्ड ने उक्त किसान को कार्रवाई के नाम पर धमकाया और पैसों की मांग करने लगा। गांव का किसान लालबत्ती को देखकर भयभीत हो गया। इसके बाद फारेस्ट गार्ड ने बबूल की लकड़ी से भरे ट्रैक्टर को धर्मकांटा से फारेस्ट कार्यालय लेकर जाना, जहां बाद में सेटिंग के बाद ट्रैक्टर को छोड़ दिया। फारेस्ट गार्ड मिसाल खान के इस तरह के व्यवहार से पीड़ित किसान श्याम बंजारे ने इसकी शिकायत वन विभाग के अधिकारियों से करते हुए बताया कि वह जब धर्मकांटे पर पहुंचा था तो उसी समय लालबत्ती लगी एक बोलेरो वहां पहुंची, जिसमें छत्तीसगढ़ फारेस्ट लिखा था। बोलेरो से उतरकर एक व्यक्ति उसके पास आया और पूछताछ करने लगा फिर कोरे कागज पर पंचनामा के नाम पर तीन लोगों का अंगूठा लगवा लिया। इसके बाद कोटा रेंज के आफिस ले जाकर उनका मोबाइल और गाड़ी एवं चॉबी ले लिया। बाद में पांच हजार रुपए लेकर छोड़ा गया। इसकी शिकायत के बाद कोटा के एसडीओ, रेंजर ने फारेस्ट गार्ड के खिलाफ जांच शुरु कर दी है।

### शुरु कर दी गई जांच

फारेस्ट गार्ड के पद पर मिसाल खान ने लालबत्ती लगी गाड़ी में अवैध वसूली की है, जिसकी शिकायत गांव के एक किसान ने विभाग से की है। यह जांच का विषय है। इसकी जानकारी बिलासपुर वन मंडल के डीएफओ व अन्य अधिकारियों को भी दे दी गई है। यह गाड़ी शासकीय नहीं है। अब वह पर्सनल गाड़ी लेकर घूम रहा था या किसी दूसरे की गाड़ी है, इसकी जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।


**-अखिल भास्करन**, एसडीओ, कोटा

# फर्जी चेक थमाकर 21 लाख की चूना लगाने वाले कोरबा के युवक को व्यापारियों ने पकड़ा

**बिलासपुर।** पिछले कुछ माह से शहर की अलग अलग दुकानों में सामान खरीदकर फर्जी चेक थमाने वाले कोरबा के युवक को व्यापारियों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने व्यापारियों की रिपोर्ट पर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पिछले कुछ समय से कोरबा रविशुक्लानगर निवासी उज्जवल विश्वास पिता निरंजन विश्वास 35 साल शहर की अलग अलग दुकानों में सामान खरीदी करने के बाद आनलाइन पेमेंट करने का दिखावा करता था, उसके बाद पेमेंट नहीं होने की बात कहते हुए चेक थमाकर सामान ले जाता था। व्यापारियों ने उक्त चेक आहरण करने के लिए बैंक में जमा कर रहे थे तो खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने से बाउंस हो रहा था। व्यापारी ने संपर्क किया तो वह पेमेंट कर देने की बात कहकर घुमा रहा था। बुधवार की रात व्यापारियों ने उज्जवल विश्वास को व्यापार विहार में घूमने हुए पकड़ लिया। उसकी जमकर खातिरदारी करते हुए सिविल लाइन पुलिस के हवाले कर दिया। गुरूवार को बड़ी संख्या में व्यापारी उसके खिलाफ धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट लिखाने सिविल लाइन थाने पहुंचे। टीआई एसआर साहू ने बताया, सरकण्डा निवासी विसाल पमलानी ने रिपोर्ट लिखाई। उनकी जरहाभाठा में इलेक्ट्रानिक दुकान है।

उज्जवल विश्वास ने उनकी दुकान से 1 लाख का इलेट्रानिक सामान खरीदा और चेक दिया था। उक्त चेक उसके बैंक खाते में पर्याप्त खाते में राशि नहीं होने से बाउंस हो गया है। इसी तरह अलग अलग 7 अन्य व्यापारियों ने शिकायत की उज्जवल उनकी दुकान से सामान खरीदकर फर्जी चेक दिया है। 8 व्यापारियों से फर्जी चेक देकर 21 लाख 30 हजार 474 रुपए की ठगी की गई है। पुलिस ने आरोपी उज्जवल विश्वास को गिरफ्तार कर लिया है।



### जालसाजों को म्यूल बैंक खाता उपलब्ध कराने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

म्यूल बैंक खाता खुलवाकर जालसाजों को उपलब्ध कराने वाले फरार आरोपी को साइबर थाना पुलिस ने सिरगिट्टी से गिरफ्तार कर लिया है। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया कि पूर्व में आनलाइन ठगी के 5 प्रकरणों में 27 सालसाजों को गिरफ्तार किया गया था। उक्त सभी मामले में रायपुर राजेन्द्रनगर अमलीडीह देवपुरी रोड माईल स्टोन अपार्टमेंट निवासी दीपक विश्वकर्मा पिता राम गोपाल विश्वकर्मा 45 साल पकड़े गए जालसाजों को कमिशन में म्यूल खाता उपलब्ध कराया गया था। उसके एवज में वह 10 हजार रुपए कमीशन लेता था और बैंक खाते में रकम आने पर परसेंट के हिसाब से पैसा लेता था। आरोपी दीपक हेमूनगर में किराए के मकान में रहकर ट्रेन के कोच अटेंडर का काम करता था। आरोपी दीपक विश्वकर्मा रेलवे कोर्ट के प्रकरण में भी फरार था। गुरूवार को सूचना मिली कि फरार आरोपी दीपक विश्वकर्मा सिरगिट्टी आया हुआ है। साइबर सेल थाना पुलिस ने सिरगिट्टी में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### अमदारा स्टेशन में नहीं दिया जाएगा ट्रेनों का स्टापेज

**बिलासपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के अमदारा स्टेशन में नान इंटरलाकिंग कार्य के कारण बिलासपुर से जबलपुर की ओर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज आगामी दिनों तक नहीं दिए जाने का आदेश जारी किया गया है। रेलवे के अनुसार पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर रेल मंडल के अमदारा स्टेशन के प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाने हेतु नान इंटर कनेक्टिविटी का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के कारण पश्चिम मध्य रेलवे प्रशासन ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित कुछ गाड़ियों का अमदारा स्टेशन में हाल्ट की सुविधा को वापस लेने का निर्णय लिया है। इसमें बिलासपुर डिवीजन से चलने वाली गाड़ियों में 8 से 10 दिसम्बर तक रींवा से चलने वाली 11751 रींवा-चिरमिरी एक्सप्रेस, 11 दसम्बर को चिरमिरी से चलने वाली 11752 चिरमिरी-रींवा एक्सप्रेस, 7 से 9 दिसम्बर तक रींवा से रवाना होने वाली 18248 रींवा-बिलासपुर एक्सप्रेस, 10 से 12 दिसम्बर तक बिलासपुर से चलने वाली 18247 बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस, 8 से 10 दिसम्बर तक छपरा से चलने वाली 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस और 10 से 12 दिसम्बर तक दुर्ग से रवाना होने वाली 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस का स्टोज अमदारा स्टेशन में नहीं दिया जाएगा।

# दोषी प्रधान आरक्षक का डिमोशन, बनाए गए आरक्षक

**बिलासपुर।** एसएसपी ने विभागीय जांच के बाद दोषी पाए जाने पर चालान पेश करने के एवज में पीड़ित से पैसा मांगने वाले प्रधान आरक्षक का डिमोशन किया है, उन्हें 2 साल के लिए आरक्षक बना दिया गया है।

नवंबर 2024 में बिल्हा थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक अनिल साहू द्वारा चालान पेश करने के एवज में पीड़ित से पैसा मांगा जा रहा था। पीड़ित ने प्रधान आरक्षक साहू का मोबाइल में वीडियो बनाकर एसएसपी रजनेश सिंह से शिकायत की थी। एसएसपी श्री सिंह ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए प्रधान आरक्षक साहू को निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश दिया गया था। विभागीय जांच में प्रधान आरक्षक दोषी पाया गया है। एससपी श्री सिंह ने दोषी प्रधान आरक्षक साहू को डिमोशन कर 2 साल के लिए आरक्षक बना दिया है। इसी तरह पूर्व में कोतवाली सीएसपी आईपीसी अक्षय सभाद्रा ने कोनी क्षेत्र के जलसो में दबिश देकर अवैध शराब सहित कोचिया को पकड़ा था। उसके मोबाइल का रिकार्ड खंगालने पर कोनी थाना के आरक्षक दीपक मरावी को उससे मोबाइल में लगातार बातचीत करना पाया गया था। एसएसपी श्री सिंह ने आरक्षक को निलंबित कर विभागीय जांच का आदेश दिया गया था। विभागीय जांच में दोषी पाए जाने पर आरक्षक दीपक मरावी को न्यूनतम वेतनमान की सजा दी गई है। अब उक्त आरक्षक को नव आरक्षक के सामान वेतन मिलेगा।

हरिभूमि बिलासपुर नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# अवैध निर्माण के 25 मामलों पर ननि में हुई सुनवाई

राजीनामा के लिए निगम कमिश्नर के समक्ष रखे गए थे अवैध निर्माण के प्रकरण


**बिलासपुर।** नगर निगम द्वारा अवैध या अनुमति के अतिरिक्त निर्माण को वैध करने के लिए शुरू किए गए राजीनामा सुनवाई के पहले दिन 25 प्रकरणों की सुनवाई की गई। इसमें से 22 प्रकरण राजीनामा योग्य पाए गए हैं। इस सभी को आगामी सुनवाई गुरुवार तक नक्शा समेत अन्य दस्तावेज जमा करने और अग्रिम कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

इसके साथ ही दस्तावेज जमा नहीं करने और प्रक्रिया का पालन नहीं करने पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं। ऐसे भवन मालिक जिन्होंने निगम से बिना अनुमति लिए या फिर नियम विपरीत भवन निर्माण करा लिया है, उनके लिए नक्शा पास समेत भवन को वैध कराने का अवसर नगर निगम दे रहा है। प्रत्येक गुरुवार को शाम 4 से 5 बजे तक ऐसे प्रकरणों की सुनवाई होगी और राजीनामा के जरिए निराकरण किया जाएगा। सुनवाई दौरान निगम कमिश्नर मौजूद रहेंगे।

- नर्सिंग होम संबंधी मामले भी रखे गए

इसमें ऐसे प्रकरण भी शामिल है जिनका निर्माण प्रारंभ है और बिना अनुमति या नियम विपरीत है, उनका भी निराकरण किया जाएगा। इसके लिए आज निगम कमिश्नर अमित कुमार की उपस्थिति में सुनवाई की गई। सुनवाई में 25 प्रकरणों में से 22 प्रकरण राजीनामा योग्य पाए गए। आज जिन प्रकरणों की सुनवाई की गई, उसमें 9 प्रकरण नर्सिंग होम भवनों के थे और बाकी कामर्शियल और आवासीय प्रकरण थे। नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 308 क के तहत राजीनामा प्रकरणों की सुनवाई करते हुए बिलासपुर विकास योजना पुनर्विलोकन मास्टर प्लान 2031 के अनुसार अंगीकृत भू-उपयोग में परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

इस संबंध में सुनवाई के दौरान स्पष्ट रूप से उपस्थित डाक्टरों एवं अन्य लोग जो राजीनामा की सुनवाई के लिए उपस्थित थे उन्हें अवगत कराया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com

20 वर्षो से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
25 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

## खबर संक्षेप

### सेवा भारती मुंगेली ने किया चैतन्य पुस्तकालय का शुभारंभ




**मुंगेली।** चैतन्य पुस्तकालय अक्षर निकेतन स्कूल मुंगेली में बच्चों के बौद्धिक विकास हेतु चैतन्य पुस्तकालय का शुभारंभ सेवा भारती मुंगेली द्वारा किया गया। पुस्तकालय में भारत भारती की पुस्तकें एवं 100 महापुरुषों की जीवनी व प्रेरक प्रसंग की पुस्तकें रखी गई हैं। प्रेरक प्रसंग पढ़ने से सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है, जो हमें मुश्किलों का सामना करने, लक्ष्य निर्धारित करने, बुरी आदतों से बचने और धैर्य रखने में मदद करते हैं, जिससे मानसिक शांति और सफलता की राह खुलती है। ये कहानियां हमें जीवन के गहरे अर्थ सिखाती हैं और नकारात्मकता दूर करती हैं, जिससे हम बेहतर इंसान बन पाते हैं कार्यक्रम में जिला कार्यवाह हजारी साहू, जिला सामाजिक सदभाव प्रमुख संदीप ताम्रकार, सेवा भारती से आकाश सोनी उपस्थित रहे। साथ ही अक्षर निकेतन स्कूल के संचालक सावन सोनी उपस्थित रहे।

### भाजपा जिला अध्यक्ष ने ली आईटी सेल की बैठक




**मुंगेली।** जिला भारतीय जनता पार्टी मुंगेली के मीडिया सोशल मीडिया और आईटी सेल की बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने ली। बैठक में मीडिया, सोशल मीडिया और आईटी सेल के कार्यों को विस्तार देने के लिए कार्य योजना तैयार की गई। आम जनता के बीच में शासन और संगठन के कामों को लेकर जाने का माध्यम मीडिया, सोशल और आईटी सेल है, जिसके माध्यम से केन्द्रीय राज्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं विधायक के प्रत्येक दिन के क्षेत्र में प्रवास और उनके द्वारा जनता के बीच में किया जा रहे कार्यों को प्रमुखता से उपरोक्त प्लेटफार्म पर लाने की जिम्मेदारी तय की गईं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, मीडिया प्रभारी रामशरण यादव, सोशल मीडिया प्रभारी अशोक निर्मलकर, मीडिया सहप्रभारी विश्वास दुबे, सोशल मीडिया सहसंयोजक देवेंद्र केशरवानी, आईटी सेल सहसंयोजक महेंद्र गुप्ता, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ बाजपेई एवं भाजपा नगर महामंत्री महावीर सिंह उपस्थित रहे।

### नगर के हाई प्रोफाइल क्षेत्र में दिनदहाड़े चोरी से दहशत



**मरवाही।** नगर पंचायत के हाई प्रोफाइल क्षेत्र में मंगलवार को दिनदहाड़े चोरी होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। चोरों ने आलमारी का ताला तोड़कर नगदी व सोने-चांदी के आभूषण समेत करीब 25 लाख रुपए का सामान पार कर दिया। जानकारी के अनुसार चोरी की यह वारदात विखं शिक्षा अधिकारी कार्यालाय में कार्यरत क्लर्क जीवन यादव के घर में हुई है। जानकारी के अनुसार जीवन यादव की पत्नी बेटी एवं बहू किसी परिचित के यहां गए हुए थे एवं उनका पुत्र मोनू भी किसी काम से बाहर गए हुए थे। इसी बीच चोरों ने घर को सूना पाकर 4:20 बजे से 5:10 बजे के बीच वारदात को अंजाम दिया। सूचना मिलते ही मरवाही पुलिस, साइबर सेल और डॉग स्कवाड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची जांच शुरू की गई। पुलिस का मानना है कि, यह चोरी पूरी रेकी एवं योजना के साथ की गई है। चोरों को पहले से पता था कि घर में कोई नहीं है। फिलहाल मामले की तफ्तीश तेज कर दी गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### विशेष चेकिंग अभियान, 77 वाहनों पर चालानी कार्रवाई




**लोरमी।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के कुशल निर्देशन में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में लोरमी पुलिस के द्वारा 9-10 दिसम्बर को विशेष चेकिंग अभियान में दुपहिया पर तीन सवारी बैठाने, प्रेशर हॉर्न का अनाधिकृत उपयोग करने एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 77 वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक ने अपील की है कि, नाबालिगों को वाहन न दें, नियम ही जीवन की सुरक्षा है। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया है कि, नाबालिग ड्राइविंग पर रोक 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति बिल्कुल न दें। यदि कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पकड़ा जाता है तो वाहन मालिक पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## युकांइयों ने किया मास्क वितरण, दी आंदोलन की चेतावनी

# जर्जर सड़क से उड़ रही धूल, राहगीर हो रहे परेशान



सड़क से उठता धूल का गुबार।



हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

नगर पंचायत पथरिया के लगभग सभी मुख्य मार्गों की हालत बेहद खराब है। इन मार्गों मे चौबीसो घंटे धूल के गुबार उड़ते रहते हैं, जिसके चलते सड़क किनारे रहने, व्यापार करने वाले अथवा सड़कों से गुजरने वाले आमजनों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल राजपूत और नगर के कांग्रेस पार्षदों ने मिलकर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया है। कांग्रेसियों ने सडकों के किनारे स्थित दुकानदारों और राहगीरों को मास्क वितरण कर पथरिया एसडीएम को ज्ञापन सौंपा एवं जल्द से जल्द राहत कार्य नहीं होंने पर आंदोलन की चेतावनी दी। पथरिया पार्षद दीपक साहू ने बताया कि, पथरिया नगर के सड़कों का बुरा हाल किसी से भी नहीं छिपा है। कुछ दिनो पहले ही सड़क मरम्मत के नाम पर गिट्टी और डस्ट डाल दी गई। इन सड़कों पर प्रतिदिन लाखों वाहनों का आवागमन होता है, जिससे अत्यधिक धूल उड़ती है। धूल से घरों और दुकानों पर प्रतिकूल प्रभाव तो पड़ता ही है, साथ ही लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका खराब असर पड़ता है। ज्ञापन सौंपने वालों मे ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल राजपूत, नेता प्रतिपक्ष ओंकार यादव, पार्षद दीपक साहू, पार्षद प्रकाश भार्गव, पार्षद छोटू खान, पार्षद मनोज निषाद, संतोष पाली,सौरभ शुक्ला,निक्कू यादव, विष्णु बघेल समेत कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**नगर के दोनों मुख्य मार्ग बदहाल:** पथरिया अंतर्गत कर्मा चौक से तखतपुर मार्ग और सरगांव-तखतपुर मार्ग अपनी दुर्दशा के कारण सर दर्द बने हुए हैं। इन दोनों मार्गों पर नगर का मुख्य व्यवसाय और प्रशासनिक कार्यालय स्थित है, जहां प्रतिदिन लाखों लोगों का आना जाना लगा रहता है। इस मार्ग से सिर्फ एक बार गुजरने से ही लोगों के साफ सुथरे कपड़े और चेहरे पर धूल की परत जम जाती है, जिससे नागरिक बेहद परेशान हैं।

**प्रांक्कलन भेजा लेकिन स्वीकृति नहीं:** पीडब्लूडी एसडीओ मनोज जैन ने बताया कि, ब्लॉक रोड मे 60 मीटर चौड़ी सडक हेतु प्रांक्कलन तैयार कर मंत्रालय भेजा जा चुका है, लेकिन अभी तक उसकी स्वीकृति नहीं मिल पाई है।




## विधायक ने जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

**तखतपुर।** बैगा आदिवासी बाहुल्य ग्राम राम्हेपुर में विधायक धर्मजीत सिंह ने कम्बल वितरण किया। तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने राम्हेपुर में जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। अत्यधिक ठंड को देखते हुए आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, वरिष्ठजन, महिलाएं एवं मजदूर वर्ग के लोग उपस्थित रहे। विधायक धर्मजीत सिंह ने स्वयं हितग्राहियों को कंबल वितरित करते हुए कहा कि, समाज के वंचित वर्ग की सहायता करना मानवता का सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने यह भी कहा कि, ठंड से कोई भी परिवार प्रभावित न हो, इसी भावना से यह कम्बल वितरण किया गया। उन्होंने ग्रामीणों से स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि, जनसेवा ही उनकी प्राथमिकता है, और क्षेत्र के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान विधायक धर्मजीत सिंह ने 2 हजार 500 परिवारों को कंबल का वितरण किया। जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने कहा कि, विधायक धर्मजीत सिंह इस क्षेत्र में विकास कार्य के साथ-साथ जन सेवा में भी हमेशा तत्पर रहे हैं, और लोगों की तकलीफ कैसे दूर हो सकें, इस पर वे हमेशा जोर देते रहते हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक ने कहा कि, आज पूरे विधानसभा का स्वरूप विकसित होता हुआ दिख रहा है। इसमें महत्वपूर्ण स्थान विधायक धर्मजीत सिंह का है, आगे भी इस क्षेत्र में हमे सतत रूप से विकास कार्य होता हुआ दिखेगा। इस अवसर पर अश्वनी शर्मा, ललिता संतोष कश्यप, मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, नैनलाल साहू, जनपद सभापति शयाम सिंह ध्रुव, मनहरण कौशिक, अमित मंदानी, दिनेश राजपूत, अंबिका विनोद साहू, वंदना ठाकुर, कृष्ण कुमार साहू, ललन चंद्राकर, राकेश छाबडा, मंडल महामंत्री कामता कुलमित्र, जगदीश कश्यप, मंडल उपाध्यक्ष संजय साकत, मंत्री पवन यादव, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष शिव यादव, उत्तम श्रीवास, सरजू यादव, योगेश साहू, रामाधार साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

■ वंचित वर्ग की सहायता करना मानवता का सबसे बड़ा धर्म : धर्मजीत

## प्रभारी मंत्री ने पुलिस चौंकी कोडगार और सिवनी का किया उद्घाटन



**पेंड्रा।** जिले के प्रभारी मंत्री राजेश अग्रवाल ने जिला प्रवास के दौरान पुलिस चौंकी कोडगार और पुलिस चौंकी सिवनी का उद्घाटन किया। उन्होंने कोडगार चौंकी में दोनों पुलिस चौकियों पहला रोजनामचा लिखकर विधिवत शुभारंभ किया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में थाना खुलने से क्षेत्र की जनता की सुरक्षा व्यवस्था में सुविधा होगी और निश्चित रूप से क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने लोगों से कहा कि छोटी-मोटी समस्याओं, मतभेदों को आपस में निपटाएं, पुलिस को शामिल नहीं करें, तो ज्यादा अच्छा होगा। विधायक प्रणव कुमार मरपची, जिला पंचायत सुश्री समीरा पैकरा और कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने भी दूरस्थ क्षेत्र में पुलिस चौंकी की बहुप्रतिक्षित मांग पूरा होने पर क्षेत्रवासियों को बधाई दी। पुलिस अधीक्षक एस आर भगत ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए राज्य शासन द्वारा पुलिस चौंकी स्थापित किया गया है। उन्होंने पुलिस चौंकियों में सेटअप, गांवों की संख्या, चौंकी का सीमा क्षेत्र आदि के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, नगर पालिका परिषद गौरेला के अध्यक्ष मुकेश दुबे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती राजमति भानू एवं पवन पैकरा, सरपंच श्रीमती फूलकुंवर, अनेक गणमान्य नागरिक छोटेलाल सोनी, राकेश चुतर्वेदी, कन्हैया राठौर, मनीष श्रीवास, बृजलाल राठौर, ज्ञानेन्द्र उपाध्याय सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल ने आभार व्यक्त किया।




## पढ़ाई में रुचि लेने और समर्पित शिक्षकों की है जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने गुरुवार को कलेक्टोरेट मंथन सभाकक्ष में संभागीय समीक्षा बैठक लेते हुए कहा कि राज्य में शिक्षक एवं शैक्षणिक संसाधनों की कोई कमी नहीं है। जरूरत अपने स्कूल के प्रति प्रेम करने वाले और पढ़ाई में रूचि दिखाने वाले समर्पित शिक्षकों की है। राज्य सरकार अच्छे शिक्षकों को जहां पुरस्कृत करेगी वहीं लापरवाह किस्म के शिक्षकों को सजा देने में भी कोई कोताही नहीं बरतेगी।

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने इस अवसर पर स्कूलों के निरीक्षण के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के उपयोग के लिए तैयार एप को लांच किया। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए स्कूलों के निरंतर निरीक्षण पर जोर दिया। श्री यादव ने जिला शिक्षा अधिकारी से लेकर संकुल समन्वयक तक निरंतर स्कूलों का दौरा करने के निर्देश दिए। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परेदशी, समग्र शिक्षा की एमडी डॉ. प्रियंका शुक्ला, डीपीआई ऋतुराज रघुवंशी सहित संभाग के सभी आठों जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी, डीएमसी, बीईओ, बीआरसी शामिल थे। मंत्री श्री यादव ने सभी जिलों को अगले तीन वर्षों के लिए एक समग्र कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय अधोसंरचना के मजबूत विकास, शैक्षणिक माहौल के संवर्धन और शिक्षण गुणवत्ता में ठोस सुधार को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बच्चों की बेहतर शिक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी और दीर्घकालिक योजनाएं ही स्थाई सुधार की नींव बनेंगी।

## भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे पथरिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया के प्रथम पथरिया मंडल आगमन पर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया। नगर के मुख्य कर्मा माता चौक पर युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया। इस मौके पर राहुल टिकरिया ने कहा कि, युवा मोर्चा पथरिया मंडल के कार्यकर्ताओं की ऊर्जा और अनुशासन सराहनीय है।

पथरिया मंडल के कार्यकर्ताओं ने सिद्ध कर दिया है कि, वे भविष्य में संगठन के मजबूत स्तंभ बनेंगे। कार्यक्रम का संचालन योगानन्द साहू ने किया। युवा मोर्चा मंडल महामंत्री अमित बंजारे ने प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, जिला मंत्री रिंकू सिंह ठाकुर, अनिला देवेंद्र राजपूत सभापति जिपं, मंडल अध्यक्ष संजय राजपूत, अभिलाष त्रिवेदी, रितेश यादव, नपं अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, मंडल महामंत्री बलराम जायसवाल, नपं उपाध्यक्ष मनोज पांडे, गणेश सोनी पार्षद इंद्रजीत यादव, युवा मोर्चा महामंत्री युगल राजपूत, रविन्द्र बघेल, अजय डडसेना पार्षद, लोकेश साहू सभापति जपं पंचायत, ओमू दीवान सभापति संतु निषाद, विक्की साहू, व्यास राजपूत, ओमप्रकाश यादव, छोटू पाली, भूपेंद्र राजपूत, नीतीश वर्मा, भूपेंद्र गेंदले, बादल पात्रे, यशराज राय, गौरव तिवारी, श्रेयांस यादव, मुकुल पाटकर, रामेश्वर वर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा और भाजापा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दत्तात्रेय परिसर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग



**गौरेला।** गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के पर्यटन विकास मंत्री राजेश अग्रवाल के गौरेला पेंड्रा आगमन पर नपा गौरेला उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा ने ज्योतिपुर स्थित कार्यालय जनसेवा केंद्र में उनका भव्य स्वागत किया। साथ ही गौरेला के वार्ड क्रमांक 10 स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक स्थल दत्तात्रेय परिसर को पर्यटन स्थल घोषित कर उसे नगर के एकमात्र पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग हेतु पत्र सौंपा। इस अवसर मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि, जिले में विकास और पर्यटन की आपार संभावनाएं हैं, हम इसका समुचित विकास करेंगे। इस अवसर पर मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची, ब्रजलाल राठौर, राजेश नंदिनी आमों, गंगोत्री राठौर, संदीप जायसवाल, सचिन जैन, बालकृष्ण अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, बेचन मिश्रा, मोहित राजपूत, वीरेंद्र विश्वकर्मा, यश तिवारी, संदीप शर्मा, ऐंरठ दास, राजेंद्र सूर्यवंशी, लवकुश, पार्षद मनोज विश्वकर्मा, सुरेश ऊईके, गेंदालाल मरावी, शंकर सोनी, मानस अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 175 किसानों के लिए 40 करोड़ का मुआवजा स्वीकृत




**मुंगेली।** मनियारी बैराज परियोजना से प्रभावित किसानों को राहत देते हुए साय सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश एवं सतत प्रयासों तथा कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में कुकुसदा एवं आसपास के डुबान क्षेत्र के भू-अर्जन मामलों का त्वरित निराकरण किया गया है। मनियारी बैराज योजना के अंतर्गत डुबान क्षेत्र के 175 किसानों की कुल 143.71 एकड़ भूमि के लिए 40 करोड़ 41 लाख रुपए से अधिक का मुआवजा स्वीकृत किया गया है। संबंधित प्रकरण का प्रारूप-क अनुमोदित हो चुका है, और शीघ्र ही पात्र किसानों को राशि वितरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने बताया कि, योजना के अंतर्गत 240 किसानों की भूमि चिन्हांकित की गई थी, जिनमें से 24 किसानों को पूर्व में ही मुआवजा दिया जा चुका है। शेष 41 किसानों के प्रकरण प्रक्रियाधीन हैं, जिनके निस्तारण की प्रक्रिया भी तेजी से जारी है। मुआवजे प्रकरण की पूर्णता पर प्रभावित किसानों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर खुशी व्यक्त करते हुए शासन प्रशासन का आभार जताया। प्रशासन का कहना है कि, सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक प्रभावित किसान को समयबद्ध लाभ प्रदान करना है, ताकि परियोजना कार्य सुचारु रूप से आगे बढ़ सके और किसानों को किसी प्रकार की आर्थिक असुविधा न हो।

## बूथ स्तर पर मजबूत टीम ही होती है जीत की नींव




**करगीरोड कोटा।** साहू धर्मशाला में विधानसभा स्तरीय परिचय सम्मेलन की बैठक संपन्न हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व गृहमंत्री एवं राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा शामिल हुए। बैठक में भाजपा संगठन के कोटा, बेलगहना, रतनपुर और करगी चारों मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। श्री पैकरा ने संगठन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की तथा आगामी चुनाव के मद्देनजर हर बूथ तक पहुंचकर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने का आह्वान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि, बूथ स्तर पर मजबूत टीम ही जीत की नींव होती है। कार्यक्रम के पश्चात वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पार्षद वेंकटलाल अग्रवाल के निवास पर पहुंचकर उन्होंने कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

# एयरपोर्ट विस्तार के लिए दिल्ली में धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति द्वारा एयरपोर्ट को लेकर दिल्ली में प्रदर्शन जारी है। समिति के 20 सदस्य प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ केंद्र में नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू के साथ मुलाकात की।उन्होंने ज्ञापन सौंपा। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने श्री नायडू को से कहा कि एयरपोर्ट के लिए पिछले 6 साल से आंदोलन किया जा रहा है। यह बहुत ही बड़ा मुद्दा है और लोगों की मांग है।



समिति के सदस्यों ने श्री नायडू से कहा कि बिलासा एयरपोर्ट राज्य के स्वामित्व का एयरपोर्ट है। उसके विकास में केंद्र से सीधी धनराशि का आंबटन नहीं किया गया है। समिति के प्रतिनिधिमंडल ने श्री नायडू से कहा है कि जिस तरह स्मार्ट सिटी भी राज्य और स्थानीय निकाय के अधीन होती है लेकिन केंद्र के आबंटन से नियोजित कार्य किए जा रहे है। इस प्रकार एयरपोर्ट के लिए भी फंड की व्यवस्था किया जाना चाहिए। सकारात्मक सुझाव पर नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि एयरपोर्ट के प्रबंधन, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ एमओयू करके फंड की व्यवस्था की जा सकती है। जिसका तोखन साहू ने समर्थन करते हुए कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव सांय से चर्चा करने की बात कही। इस दौरान उड़ानों में कमी करने के लिए अलाइंस एयर के अधिकारियों से चर्चा करने की बात कही। प्रतिनिधि मंडल ने दिल्ली के लिए नियमित और सीधी फ्लाइट, हैदराबाद की नई फ्लाइट चलाने की मांग की है। आंध्र समाज के द्वारा दक्षिण भारत के लिए नियमित फ्लाइट की मांग की गई है।

## उद्योग संघ के सदस्यों ने किया नवनिर्मित औद्योगिक प्रक्षेत्र सेलर का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



नव निर्मित औद्योगिक प्रक्षेत्र सेलर का भ्रमण उद्योग संघ के सभी सदस्यों ने हरीश केडिया के नेतृत्व में किया। इस अवसर पर उद्योग विभाग के मुख्य महाप्रबंधक टेकाम, महाप्रबंधक संतोष ध्रुव, पवन ओझा, संतोष पांडे, श्रीधर राव प्रबंधक मार्ग दर्शन एवं जानकारी उपलब्ध करवाने उपस्थित थे। उद्योग संघ के अध्यक्ष सतीश शाह, महा सचिव शरद सक्सेना, उपाध्यक्ष शिव अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र गांधी, कोषाध्यक्ष राम सुखीजा, दिनेश भूतड़ा, प्रकाश त्रिवेदी, धर्मेंद्र पटेल, पूरन सिदारा, यज्ञदत्त, मनीष कुमार, ठाकुर इत्यादि उपस्थित थे। सेलर औद्योगिक प्रक्षेत्र 100 एकड़ में स्थापित है। इसे ऑक्शन द्वारा बोली लगाकर सम्पूर्ण दस्तावेज उपलब्ध कर प्राप्त किया जा सकता है, ऐसे युवा जो उद्योग स्थापित करना चाहते हैं उनके लिए सुनहरा अवसर है। उद्योग संघ उनका पूरा सहयोग करेगा।